■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 7
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
3 जून 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1959:** सिंगापुर को सेल्फ गवर्निंग स्टेट घोषित किया गया।
**1985:** भारत सरकार ने पांच दिन का कार्य दिवस सप्ताह शुरू किया।
**1999:** होवरक्राफ्ट विमानों के आविष्कारक क्रिसटोफर काकरैल का निधन।
**2005:** फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया।
**2014:** पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे का सड़क हादसे में निधन।

**इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप धीरे चल रहे है या तेज, फर्क उससे पड़ता है कि आप चल भी रहे हैं या नहीं।**

# बिहार में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव संभव

## 22 नवंबर 2025 को खत्म हो रहा नीतीश सरकार का कार्यकाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का चुनाव इस साल के आखिर में होना है। सूत्रों की माने तो बिहार में चुनाव तीन चरणों में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि मतदान की तारीख का ऐलान करने के पूर्व दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा। 2020 का विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ था। चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख तय नहीं है। बता दें कि नीतीश कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है। ऐसे में संभावना है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना यह भी जा रहा है कि सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी। अक्टूबर में तीन बड़े त्योहार हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं। 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें एनडीए ने 125 सीटें हासिल की थीं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। इसके बाद भाजपा ने 74 सीटें जीतीं। मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने तीसरी सबसे ज्यादा 49 सीटें जीती थीं। एआइएमआइएम ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, इसमें से वो 19 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी। तीनों वामपंथी दलों ने मिलकर 29 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें 16 सीटें जीतीं। 2025 के चुनाव में एनडीए में नीतीश कुमार ही सीएम फ़ेस हैं। हालांकि, 2005 से ही नीतीश कुमार एनडीए के सीएम फ़ेस हैं। 2015 में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे। 2017 में नीतीश फिर एनडीए में आए एवं 2020 में चौथी बार एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बने। पिछले 20 साल से राज्य में नीतीश की पार्टी सत्ता में है। इस बार भी बीजेपी नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कह रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने का संकेत दिया है। महागठबंधन में अभी सीएम फ़ेस को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। कहा जा रहा है कि तेजस्वी महागठबंधन का नेतृत्व कर सकते हैं लेकिन कांग्रेस इसका कई बार खंडन भी कर चुकी है। प्रशांत किशोर की पार्टी भी इस बार चुनाव मैदान में है जिससे नए समीकरण भी बन सकते हैं।



# बिहार की 24 हजार किमी ग्रामीण सड़कें होंगी सुदृढ़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश के सभी 38 जिलों में 13,943 ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिनकी कुल लंबाई लगभग 24,414 किलोमीटर होगी। इन सड़कों के साथ-साथ कुल 51 पुलों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। 31 मार्च 2024 तक ये ऐसे पथ हैं जो पंचवर्षीय रूटिन अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुके हैं। इन्हें जून तक पटलेस करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन सभी सड़कों की सतह को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे इनकी गुणवत्ता और स्थायित्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस समग्र परियोजना पर अनुमानित 21,652 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का ही एक विस्तारित रूप है, जिसे मंत्रीपरिषद द्वारा 14 नवंबर 2024 को स्वीकृति प्रदान की गयी थी। पटना प्रमंडल के अंतर्गत पटना जिले में 553 पथ (792.931 किमी), नालंदा में 434 पथ (667.319 किमी), भोजपुर में 341 पथ (691.751 किमी), बक्सर में 294 पथ (595.586 किमी), रोहतास में 366 पथ (933.827 किमी) और कैमूर में 194 पथों का चयन किया गया है। वहीं तिरहुत प्रमंडल में मुजफ्फरपुर (742 पथ, 1243 किमी), पूर्वी चंपारण (656 पथ, 957 किमी), पश्चिमी चंपारण (335 पथ, 557 किमी), वैशाली (507 पथ, 744 किमी), सीतामढ़ी (244 पथ, 319 किमी) और शिवहर (88 पथ, 131 किमी) जबकि सारण प्रमंडल में सारण (515 पथ, 789 किमी), सिवान (514 पथ, 754 किमी), गोपालगंज (284 पथ, 630 किमी) शामिल हैं। इसी प्रकार मगध प्रमंडल में गया (719 पथ, 1401 किमी), औरंगाबाद (581 पथ, 1266 किमी), नवादा (449 पथ, 683 किमी), जहानाबाद (188 पथ, 309 किमी), अरवल में (131 पथ, 168 किमी) को सुदृढ किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 90 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन 20 जून से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शिक्षक बनने का सपना देख रहे उम्मीदवारों के लिए एक सुनहरा अवसर है। बिहार लोक सेवा आयोग ने टीआरइ 4.0 यानी शिक्षक भर्ती परीक्षा की घोषणा कर दी है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत 90 हजार से अधिक पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के अनुसार, टीआरइ 3.0 के लगभग 22 हजार रिक्त पदों को भी इस बार शामिल किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 20 जून से शुरू होकर 5 जुलाई 2025 तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन अगस्त 2025 में किया जाएगा और परिणाम सितंबर तक घोषित किए जाने की संभावना है।

### प्रेमी जोड़े का शव बरामद

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** लौरिया थाना क्षेत्र के सिसवनिया पंचायत में प्रेमी जोड़े का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। दोनों मृतक नाबालिग थे। इधर लड़का-लड़की के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। जानकारी के अनुसार लड़के की उम्र 16 साल वहीं लड़की 15 साल की थी। दोनों आस पास के दो गांव के रहने वाले थे। पिछले कई महीनों से दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची है।

### किशोर की हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** अस्थावां थाना क्षेत्र के लखनु बिगहा गांव के पास चाकू से गोदकर 14 साल के लड़के ही हत्या कर दी गई जबकि उसके मौसेरे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रेम प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान गिरियक के तरोखर निवासी प्रीतम कुमार के तौर पर हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक प्रीतम के मौसेरे भाई चंदन का अफ़ेयर गांव की एक लड़की से चल रहा था।

### पोखर में डूबने से बच्चे की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पटोरी थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में सोमवार शाम पोखर में डूबकर 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक जितेंद्र पासवान का बेटा नमन कुमार पासवान है। घटना की सूचना मिलने पर गांव के लोगों ने काफी प्रयास के बाद शव को पोखर से बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी से मिट्टी काटने के कारण पोखर काफी गहरा हो गया है।

### जमीन विवाद में चाचा को मारी गोली

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओकरी थाना क्षेत्र के टडमा गांव में जमीन विवाद में इंद्रेश शर्मा को उसके भतीजे सौरभ कुमार ने गोली मार दी। विवाद 35 धुर जमीन को लेकर था, जिसे इंद्रेश शर्मा बेचना चाहता था। सोमवार दोपहर 12 बजे इस मुद्दे पर दोनों के बीच बहस हुई। भतीजा सौरभ कुमार जमीन की बिक्री का विरोध कर रहा था। बहस के दौरान सौरभ ने हथियार निकाला और फायरिंग कर दी। परिजन उन्हें सदर अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# शिक्षकों को अनिवार्य ट्रांसफर से मिली मुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। अब जो शिक्षक ट्रांसफर नहीं चाहते हैं, वो अपना आवेदन वापस ले सकते हैं। इसके लिए उनको ई शिक्षा कोष पोर्टल पर रिएप्लाई करना होगा। मंगलवार को पोर्टल खुलेगा। जानकारी के मुताबिक जो शिक्षक जहां हैं, अगर वहीं रहना चाहते हैं तो अपना आवेदन वापस ले सकते हैं जिससे अन्य शिक्षकों के लिए तबादले के विकल्प बढ़ जाएंगे। बता दें कि राज्य के स्थानांतरित एक लाख 30 हजार शिक्षकों को 20 जून तक स्कूल आवंटन हो जाएगा। उनको 30 जून के पहले हर हाल में योगदान कर लेना है। नए स्कूल में योगदान करते ही शिक्षक पुराने स्कूल से विरमित हो जाएंगे। ई-शिक्षा कोष के इनबॉक्स में शिक्षकों को स्कूल आवंटन की जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को डीइओ कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। स्कूल आवंटन में गोपनीयता के साथ ही पारदर्शिता भी बरती जा रही है। शिक्षा की बात में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने यह जानकारी साझा की थी। शिक्षा विभाग अगले चरण में राज्य के 60 हजार से अधिक शिक्षकों का स्थानांतरण करेगा। शिक्षकों को स्थानांतरित करने के लिए शिक्षा विभाग ने अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। समीक्षा बैठक के बाद संबंधित शिक्षकों के स्थानांतरण पर निर्णय ले लिया जाएगा।

# पुनपुनवासियों को जल्द मिलेगा लक्ष्मण झूला का तोहफा

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन लक्ष्मण झूला निर्माण कार्य का लिया जायजा

**शशि तुलस्यान / नबिटा संवाददाता**

**मसौढ़ी(पटना)।** लक्ष्मण झूला बनने का इंतजार कर रहे हजारों पुनपुन वासियों का इंतजार अब खत्म होगा। इस वर्ष आगामी 30 जुलाई तक यह कार्य पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट पुनपुन नदी पर बन रहे लक्ष्मण झूला के कार्य को अगले महीने में पूरा कर लिया जाना है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण और पुनपुन घाट पर कराये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अब लोग पुनपुन घाट तक आसानी से पहुंच सकेंगे और उन्हें पिंडदान जैसे धार्मिक कार्यों में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने महुली में बिहटा-सरमेरा पथ तथा पटना-गया-डोभी पथ के क्रॉसिंग प्वाइंट अंडर पास का भी निरीक्षण किया और उसके तुरंत बाद पोठही बसुहार पहुंचे और आरओबी के निर्माण कार्य का जायजा लिया। वहीं पुनपुन घाट पर शिवनगर मोहल्ले के रहने वाले लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर ड्रेनेज सिस्टम पानी निकासी की मांग की है। बहरहाल नीतीश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को ससमय निर्माण कार्य पूरा कर लेने का निर्देश दिया है। मौके पर पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, विधान पार्षद रविंद्र सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, मनीष कुमार मौजूद रहे। गौरतलब है कि 3 मार्च 2019 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन में नदी पर बनने वाले लक्ष्मण झूला का शिलान्यास किया था। इसकी लागत 46.77 करोड रुपए थी। लक्ष्मण झूला का शिलान्यास कर घोषणा की थी कि अगले 2 साल के अंदर या पुल सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा लेकिन वर्ष 2024 लेकर 2025 में भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। हालांकि निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले महीने में इसे फाइनल करने को कहा है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



# तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपित समेत तीन ने किया आत्मसमर्पण

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में पांच लोगों को गोली मारने और तीन की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस की सख्ती रंग लाई है। सोमवार को बक्सर स्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में मुख्य आरोपित संजय कुमार सिंह उर्फ संतोष यादव सहित तीन अभियुक्तों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले अभियुक्तों में संजय कुमार सिंह उर्फ संतोष यादव और मनोज सिंह (दोनों पिता-दीनानाथ सिंह, निवासी-अहियापुर) तथा बटेश्वर सिंह (पिता-स्व. नागेश्वरी सिंह, निवासी-रामपुर, थाना-धनसोई) शामिल हैं। इस बहुचर्चित हत्याकांड में अब तक कुल पांच अभियुक्तों ने आत्मसमर्पण किया है जबकि पुलिस ने पहले ही एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। कुल 19 आरोपितों को नामजद किया गया था। पुलिस ने छह के खिलाफ कुर्की जब्ती तथा दस के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मनोज सिंह और संतोष यादव के घरों पर पिछले चार दिनों से पुलिस की कुर्की की कार्रवाई जारी थी। संपत्तियों की सूची बनाकर ग्रामीणों के सामने नोटिस चस्पा किए जा रहे थे। इसी सख्ती और लगातार छापेमारी से दबाव में आकर तीनों अभियुक्तों ने सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण के बाद तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब बाकी फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश बना रही है।

# मोदी-नीतीश के तालमेल से बिहार को मिल रहा विकास का नया आयाम : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन/औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल सिंह कुशवाहा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच के बेहतर तालमेल और कार्यशैली के समन्वय का परिणाम है कि बिहार को विकास की दिशा में अभूतपूर्व रफ्तार मिल रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह वही बिहार है जो कभी देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब यह उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और इसका श्रेय केंद्र एवं राज्य सरकार के साझा प्रयासों को जाता है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिक्रमगंज में दी गई विकास परियोजनाओं की सौगातों से इस क्षेत्र को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने इस दौरे के दौरान जिन योजनाओं की घोषणा और शिलान्यास किया उनमें उर्जा सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और औद्योगिक विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने नई योजनाओं के निर्माण की आधारशिला रखी, जिससे बिहार के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही, रेलवे के क्षेत्र में भी कई परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनसे यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी और माल परिवहन में सहूलियत होगी। प्रेस को संबोधित करते हुए डॉ. कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इन घोषणाओं से बिहार के विकास को 'नए पंख' मिलेंगे, लेकिन इस उड़ान की नींव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्षों पहले रख दी थी। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार ने बिहार की कमान संभाली थी तब राज्य बदहाली के दौर से गुजर रहा था। उन्होंने सबसे पहले राज्य में कानून व्यवस्था को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया जिससे विकास के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना और मध्याह्न भोजन योजना जैसी अभिनव योजनाओं के माध्यम से स्कूलों में नामांकन और उपस्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किया गया, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। बिजली आपूर्ति, जो कभी बिहार के गांवों के लिए सपना हुआ करती थी, अब लगभग हर घर तक पहुंच चुकी है। जल-नल योजना के तहत लाखों घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू हुई है। सड़क निर्माण में 'हर गांव तक पक्की सड़क' की परिकल्पना को नीतीश सरकार ने व्यवहार में उतारा। ग्रामीण सड़कों, शहरी गलियों और (शेष पृष्ठ 10 पर)



# बरौनी खाद कारखाना में मिला इंजीनियर का शव

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बरौनी के हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड(हर्ल) खाद कारखाना में केमिकल इंजीनियर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव प्लांट के अंदर मिला है। मृतक इंजीनियर का नाम नवीन कुमार है और वे नालंदा के रहने वाला थे। मृतक के भाई राहुल ने कंपनी के मैनेजर पर हत्या का आरोप लगाया है। राहुल का कहना है कि नवीन के चेहरे पर मुक्के के निशान मिले हैं। लाश को देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि पहले चेहरा, सिर और छाती पर पिटाई की गई। उसके बाद लाश को फंदे से लटका दिया गया है।







CMYK

# एचआइवी संक्रमित लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर : मंगल पांडेय

**▸ एचआइवी से प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे विशेष कैंप ▸ उच्च जोखिम समूहों को भी मिलेगी शिविर में विशेष सुविधा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में एचआईवी और यौन संचारित रोगों (एसटीडी) की ससमय पहचान और बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय-समय पर एचआइवी और यौन संचारित रोगों पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाते रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय एड्स एवं यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य अपने पहले लक्ष्य के विरुद्ध 95 फीसदी एचआइवी संक्रमित व्यक्तियों को अपनी एचआइवी की स्थिति की जानकारी प्रदान करने के लिए इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन करेगी। यह हेल्थ कैंप उच्च एचआइवी प्रसार वाले क्षेत्रों, पंचायत, गांव और हॉटस्पॉट और खतरे वाली आबादी के बीच आयोजित होगी। हेल्थ कैंप के आयोजन के दौरान एचआइवी के साथ जी रहे लोगों के परिजनों, साथी उच्च जोखिम समूहों, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा, कालाजार मरीज, गर्भवती महिला सहित अन्य जोखिम समूहों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच एचआइवी और सिफलिस के परामर्श एवं जांच, एचआइवी संक्रमितों को एआरटी सेंटर से जोड़ना, टीबी रोगियों, हेपाटाइटिस बी एवं सी, रक्तचाप, कालाजार एवं मधुमेह रोगियों की स्क्रीनिंग एवं उपचार से जोड़ना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और अन्य स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने सहित विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध एसटीआई, एचआइवी एवं अन्य आवश्यक आंकड़े भी एकत्रित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि शिविर के सुचारु संचालन एवं सफलता के लिए स्वास्थ्य/एनएचएम, शिक्षा, पंचायती राज, युवा कार्य एवं खेल, आइसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित जीविका से भी सहयोग लिया जाएगा। व्यक्तिगत परामर्श एवं जांच का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चिकित्सकों/ प्रयोगशाला प्रावैधिकी/स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मियों एवं हितधारकों का सहयोग लिया जाएगा। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन/ जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी की अध्यक्षता में की जाएगी। समेकित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए जरुरी मानव बल का आकलन एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चिन्हित क्षेत्रों, गांव, पंचायत, हॉट स्पॉट या ऐसे क्षेत्र जहां एचआइवी संक्रमितों की पहचान संभावित हो, उन क्षेत्रों में लक्षित समुदाय के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए पर्यवेक्षण टीम बनाए जाएंगे एवं लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

# सोनपुर मेला के आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने सारण के सोनपुर मेला स्थल में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृत दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सोनपुर मेले को देशभर में ही नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए डिजिटल और पर्यावरण-संवेदनशील स्थल के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रवेश द्वार, हाट निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, घाट तक संपर्क, पार्किंग और शटल सेवा का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये स्वरूप में प्लास्टिक मुक्त मेला क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, सौर ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसी हरित पहल पर भी काम किया जाएगा। वहीं डिजिटल पहल के तहत मेला मोबाइल ऐप, कैशलेस भुगतान, वर्चुअल दर्शन और स्मार्ट पार्किंग जैसी सेवाओं का निर्माण किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सारण जिले का सोनपुर मेला स्थल एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल के समग्र विकास से आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मिलेंगी, व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उल्लेखनीय है कि सोनपुर में गंगा-गंडक नदी के संगम पर हर वर्ष शरद ऋतु में कार्तिक पूर्णिमा ( इस वर्ष 5 नवंबर) पर महीने भर चलने वाला मेला लगता है। इसे एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला हाथी-घोड़ा, गाय-बैल और दूसरे पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए प्रसिद्ध रहा है।

# तेज प्रताप के समर्थन में उतरे राजद सांसद सुधाकर सिंह

## लालू यादव से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम प्रसंग को लेकर पार्टी और परिवार से निकाले गए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के समर्थन में अब पार्टी के सांसद सुधाकर सिंह खुलकर सामने आ गए हैं। तमाम विरोधों के बावजूद सुधाकर सिंह ने तेज प्रताप का समर्थन करते हुए इसे उनका निजी मसला बताया और हिंदू परंपराओं में दूसरी शादी को स्वीकार्य माना है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि दो शादियां भारतीय हिंदू रीति-रिवाज में रही हैं। तीन-तीन, चार-चार शादियों के बारे में भी हमलोगों ने सुना है। आज के भी समय में कई शादियां हुई हैं। आप चिराग पासवान को ही ले लीजिए। वह रामबिलास पासवान की दूसरी पत्नी से जन्मे हैं। कई लोगों की दो-दो या तीन-तीन शादियां हुई हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है और गुनाह की श्रेणी में नहीं आता है जब सुधाकर सिंह से पूछा गया कि क्या लालू प्रसाद यादव को तेज प्रताप यादव को अपना लेना चाहिए? इस पर सुधाकर सिंह ने कहा कि पिता के रूप में लालू यादव को स्वीकार करना चाहिए। सुधाकर सिंह ने पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। ऐसे में यह सवाल उठने लगा है कि क्या अब तेज प्रताप की वापसी की खेल भी शुरू हो गया है। इसके लिए लालू प्रसाद ने अपने खास सिपहसलार को मैदान में उतार दिया है। बता दें कि सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष हैं। हालांकि कभी तेज प्रताप यादव ने सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह का खुलकर विरोध किया था और अब वही सुधाकर सिंह तेज प्रताप यादव के समर्थन में उतर गए हैं। उल्लेखनीय है कि लालू यादव ने अपने बयान में कहा था कि जो लोग भी तेज प्रताप से नजदीकी रखेंगे वह अपना भला-बुरा सोंच लेंगे। इसके बावजूद सुधाकर सिंह ने खुल कर तेजप्रताप प्रकरण पर अपने विचार रखे और उनका समर्थन किया। ऐसे में अब सियासी गलियारे में चर्चा होने लगी है कि लालू यादव ने अपने खास सुधाकर सिंह के जरिए तेज प्रताप यादव की राजद में वापसी की जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है।

# सहकारिता मंत्री ने सहकारिता बैंकिंग को नई ऊंचाई पर ले जाने का दिया लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 'सहकारिता में सहकार अभियान' के जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2025 में पूरे बिहार में एक करोड़ नए ग्राहकों को जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता पाटलिपुत्र सेन्ट्रल सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष रितेश कुमार ने की, जबकि बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह ने सभा का संचालन किया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सभी उपस्थित पीएसीएस, पीडीसीएस एवं पीवीसीएस समितियों के प्रतिनिधियों को बैंक में समितियों के खाते खोलने एवं 'डोर स्टेप बैंकिंग' की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने साथ ही बैंक मित्र, डिजिटल मंडल एजेंट (डीएमए), समूह स्व-सहायता (जेएलजी), पीएसीएस कम्प्यूटरीकरण एवं अन्य सहकारी योजनाओं को पैक्स स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने कहा हमारा उद्देश्य है कि सहकारिता के माध्यम से जनता तक बैंकिंग सेवाएं सरलता से पहुंचे और प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैंकिंग का समुचित विकास हो। सहकारी बैंक न केवल किसानों और ग्रामीणों के वित्तीय सहयोगी बनेंगे, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला के दौरान नरही पिरही, फतेहपुर एवं सरकट्टी सैदपुर पैक्स को डिजिटल मंडल एजेंट हेतु माइक्रो एटीएम वितरित किए गए। साथ ही तीन समूहों को जेएलजी और पांच किसान क्रेडिट कार्ड ऋण धारकों को ऋण वितरण भी किया गया। कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेशचंद्र चौबे, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य उच्च पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पाटलिपुत्र सेन्ट्रल सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक वात्सल्य मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाग लेने जिनेवा रवाना हुए मंत्री संतोष कुमार सिंह और सचिव दीपक आनन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्रम संसाधन विभाग मंत्री संतोष कुमार सिंह और विभाग के सचिव दीपक आनन्द आज अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आगामी 2 से 13 जून, 2025 तक आयोजित 113वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाग लेने आज स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा रवाना हुए। वे वहां मंत्री राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार को अतिथि मंत्री के रूप में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है जिसमें परंपरा के अनुसार श्रम संसाधन विभाग के सचिव भी मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल के साथ 04 से 06 जून 2025 तक जिनेवा में आयोजित बैठकों में भाग लेंगे। सम्मेलन में भागीदारी के दौरान मंत्री संतोष कुमार सिंह, बिहार राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में आये दुनिया के अन्य देशों में श्रमिकों के लिए चल रहे कार्यकलापों से अवगत भी होंगे।

# एनडीए की डबल इंजन की सरकार में दलित, अति पिछड़ा, पिछड़ा होना गुनाह : कृष्णा अल्लावारु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ने मुजफ्फरपुर में बलात्कार पीड़ित बच्ची की इलाज के अभाव में पीएमसीएच में हुई मृत्यु के विरोध में हल्लाबोल मार्च राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में निकाला। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उदय भानु चिब ने कहा कि एक ओर नीतीश कुमार खुद को सुशासन कुमार कहते हैं और ठीक उनके नाक के नीचे दलित, महिलाओं का शोषण हो रहा है जिससे यह उजागर होता है कि बिहार में दलित पिछड़े वर्ग की बहन बेटियां भी अब इस सरकार में सुरक्षित नहीं है। डबल इंजन के सरकार में न हीं अपराध पर नियंत्रण है और न हीं भ्रष्टाचार पर। साथ में उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदार नीतीश-भाजपा सरकार ने सरकारी कुव्यवस्था के कारण दलित नौ वर्षीय दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को मौत के मुंह में धकेल दिया। प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि कुढ़नी रेप पीड़िता की मौत ने बिहार सरकार का वीभत्स रूप दिखाया है और साथ में कहा कि डबल इंजन की लाचार सरकार में दलित पिछड़ों को न सुरक्षा मिलेगी, न इलाज मिलेगा और न ही न्याय और भाजपा समर्थित सरकार से प्रश्न किया कि क्या बिहार में दलित अति पिछड़ा, पिछड़ा पैदा होना क्या गुनाह हो गया? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आक्रोश जताया कि दलितों की स्थिति राज्य में लगातार बद से बदतर होती चली जा रही है जिसकी जवाबदेही केवल फोटो के लिए पांव धोने से नहीं बेहतर होगी, कानून का राज समाप्त हो चुका है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने बोलते हुए कहा कि हम यहीं नहीं रुकेंगे, कल पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उसका दुःख साझा करेंगे। पीड़ित परिवार की लड़ाई हम आगे भी जारी रखेंगे जब तक न्याय न मिल जाए।

# खोखले आरोपों के सहारे टिकी है तेजस्वी की राजनीति : उमेश सिंह कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पूरी राजनीति झूठ, भ्रम और खोखले आरोपों के सहारे चल रही है जबकि पिछले वर्ष सम्पन्न लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब बरगलाने की राजनीति को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा झूठ अब बेअसर साबित हो रहा है जिनके दामन पर वर्षों के कुशासन के दाग हों, उनके छलपूर्ण दावों पर जनता अब भरोसा नहीं करने वाली।

उमेश सिंह कुशवाहा ने यहां जारी बयान में कहा कि विपक्ष पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो चुका है। यही कारण है कि वह कुछेक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर राजनीतिक मुद्दा बनाने की असफल कोशिश कर रहा है, ताकि सियासी लाभ उठाया जा सके, लेकिन बिहार की जनता अब पूरी तरह जागरूक और सतर्क हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। उनके खिलाफ मुकदमे तक दर्ज नहीं होते थे।

# राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 5 जुलाई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बाताया कि प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 14 जून से शुरू होगी जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 5 जुलाई को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजद के संगठनात्मक चुनाव का पहला चरण पूरा हो चुका है। प्राथमिक (बूथ) और पंचायत इकाइयों के चुनाव के साथ ही अब पार्टी दूसरे चरण की ओर बढ़ रही है। चित्तरंजन गगन ने बताया कि शनिवार से प्रखंड कमेटियों का चुनाव शुरू हो गया है जबकि 5 जून से जिला कमेटियों के लिए मतदान होगा। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड सहित अन्य राज्यों में बूथ और पंचायत स्तरीय चुनाव पूरी पारदर्शिता और पार्टी संविधान के अनुरूप संपन्न हो चुके हैं। इसके बाद प्रखंड डेलीगेट्स की अंतिम सूची का प्रकाशन भी हो गया है। राज्य स्तर पर चुनाव संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. तनवीर हसन, ई. अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर और सारिका पासवान ने बिहार में जबकि गिरिधारी यादव और मो. कयामुद्दीन ने झारखंड में डेलीगेट सूची जारी की है। प्रखंड डेलीगेट ही प्रखंड इकाइयों और जिला परिषद के सदस्यों का चुनाव करेंगे। 14 जून से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं 24 जून को राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद 5 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होंगे। चित्तरंजन गगन ने दावा किया कि राजद ही ऐसी पार्टी है जो पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संगठनात्मक चुनाव करती है। इस बीच प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के भविष्य को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं। जगदानंद सिंह राजद के पहले सवर्ण प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनको लेकर यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे अपने पद पर बने रहेंगे या बदलाव की बयार उन्हें भी छू लेगी। दरअसल, उपचुनाव के बाद से ही जगदानंद सिंह राजद दफ्तर नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में माना जा रहा है वो प्रदेश अध्यक्ष के पद से हट सकते हैं। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर लालू प्रसाद यादव की वापसी लगभग तय मानी जा रही है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने जो निर्णय लिया वह पार्टी की भलाई के लिए : तेजस्वी

## किसी की निजी जिंदगी पर मैं कुछ नहीं कहूंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने तेजप्रताप प्रकरण पर कहा कि इस संबंध में पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव निर्णय ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो निर्णय लिया है वह पार्टी की भलाई के लिए है। तेजस्वी यादव सोमवार को कोलकाता से पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि तेज प्रताप यादव किसे जयचंद बता रहे हैं जो लालू परिवार के बीच दरार डाल रहा है। तेजस्वी यादव ने इस पर कुछ नहीं कहा । उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने जो निर्णय लिया है वह पार्टी के भलाई के लिए है। बिहार की भलाई के लिए उनका निर्णय है, जो तेज प्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करने का है। उन्होंने कहा कि उनके निर्णय के आगे मैं कुछ नहीं बोलूंगा उनका निर्णय सर्वोपरि है। तेजस्वी ने कहा कि ये जो भी मामला है, इसपर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फैसला ले लिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सबसे अनुभवी हैं। इसपर अब कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं किसी की निजी जिंदगी पर कुछ नहीं कहूंगा। वहीं, मुजफ्फरपुर में नाबालिग लड़की के साथ कथित बलात्कार और हत्या को लेकर उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार फ़ेल हो गई है। मुख्यमंत्री ने कभी इस पर चर्चा नहीं की, मुझे नहीं पता कि उन्हें घटनाओं की जानकारी भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पूरे बिहार में प्रशासनिक अराजकता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सब लोग केवल सियासी बैठक कर रहे हैं। सब सिर्फ चुनाव में व्यस्त है। बिहार की जनता की पीड़ा को बांटने या उन्हें न्याय दिलाने का काम कोई नहीं कर रहा है।

# भाजपा ने किया पोस्ट 'जयचंद कौन' बताएंगे हम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'जयचंद' के जिक्र वाले तेजप्रताप यादव के सोशल मीडिया पर दो पोस्ट के बाद सियासी गलियारे इस बात को लेकर कानाफूसी शुरू हो गई है कि आखिर यह जयचंद है कौन। दरअसल, तेज प्रताप ने 'जयचंद' को लालची बताते हुए जल्द ही हर साजिश को बेनकाब करने की बात कही थी जिसके बाद अब भाजपा ने पोस्ट शेयर किया है जिसमें कहा गया है कि 'जयचंद' कौन है, वह भाजपा बताएगी। इससे सियासी पारा और भी चढ़ गया है। भाजपा के पोस्ट में सवाल उठाया गया है- 'जयचंद कौन' भाजपा ने अपने पोस्ट में लिखा है कि आजकल 'जयचंद चर्चा' चल रही है। वहीं इस पोस्ट के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिना नाम लिए लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर से विश्वासघात कर कांग्रेस की गोद में बैठने वाला बिहार का जयचंद कौन है? एक ही जयचंद हैं! सबको पता है। मालूम हो कि तेज प्रताप को राजद से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी ने निष्कासन पत्र जारी किया है जिसमें केवल एक पंक्ति में उनका निष्कासन घोषित किया गया। इस बीच तेजप्रताप का पोस्ट सामने आने के बाद अब हर कोई यही सवाल कर रहा था कि आखिर 'जयचंद' कौन है? तेजप्रताप किसकी ओर इशारा कर रहे हैं। तमाम गतिविधियों के बीच कयासों का बाजार बेहद गर्म हो गया है।

# समर कैम्प में बच्चों ने सीखा बिहार गान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं कला जागरण पटना के सहयोग से बैंक रोड, पटना में बच्चों के लिए चलाये जा रहे आठ दिवसीय समर कैम्प के दूसरे दिन आज बच्चों ने विभिन्न कलाओं को सीखा। कैम्प के प्रारम्भ में सभी बच्चों को योग का प्रशिक्षण रीना कुमारी ने दिया। इसके बाद हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट से पास आउट प्रसिद्ध नृत्य निदेशक नितेश कुमार द्वारा बच्चों को बिहार गान 'इहे जनम ली सीता मैया बाल्मीकि जस वेद रचईता जाने सब संसार-अईसन आपन ह बिहार, अईसन आपन ह बिहार,' गाने पर नृत्य सिखाया। आज प्रसिद्ध रंगकर्मी सुमन कुमार ने बच्चों को रंगमंच कला का प्रशिक्षण में संवाद का उच्चारण करना बताया। सुमन कुमार ने बताया कि रंगमंच पर अभिनय के लिए सबसे पहले सही उच्चारण के साथ संवाद बोलना होता है। कुमार ने बच्चों को उच्चारण करने का तरीका तथा संवाद को सही तरीका से बोलना समझाया। रणविजय सिंह ने बच्चों को अभिनय की बारीकियां सिखाई। निभा कुमारी ने बच्चों को पेंटिंग तथा क्राफ्ट सिखाया। मौके पर रोज सिंह ने बच्चों को 'बम बम भोले' तथा 'गलती से हो गया मिस्टेक' गाने पर बच्चों से खूब मस्ती की। डॉ गीता जैन ने बच्चों के ऑबजर्वेशन क्षमता का परीक्षण लिया जिसमें बच्चों ने बहुत ही रुचि दिखाई। मौके पर बिहार अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने कहा कि इतनी अधिक गर्मी के बाद भी सभी बच्चे इस समर कैम्प का आनंद उठा रहे हैं तथा अभिनय, लोक नृत्य, पेंटिंग, योग आदि की बारीकियों को सीख रहे हैं। कैंप में आज सतीश बागरिया, नन्दकिशोर अग्रवाल मुन्नाजी, रोहन झुनझुनवाला, संजय भालोटिया, जय प्रकश अग्रवाल एवं श्रवण गोयनका ने बच्चों का सहयोग किया। एम पी जैन ने बताया कि समर कैम्प को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, एम पी जैन, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रविशंकर उपाध्याय, अभिषेक जैन, सुनैना सिंह एवं कला जागरण के रोहित कुमार आदि सक्रिय थे।

# डॉ प्रेम कुमार ने दी शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिस तत्परता से बंगाल पुलिस नपुंसक मर्दानगी दिखाते हुए शर्मिष्ठा को हरियाणा से गिरफ्तार किया है यह कतई उचित नहीं है। वह भले अपना पीठ थपथपाये मगर अन्य घटनाओं में बंगाल पुलिस की तत्परता कहां गायब रहती है? बंगाल में कई घटनाएं दिन प्रतिदिन सनातनियों, हिंदुओं, महिलाओं बच्चों पर होती रहती है। टीएमसी के कार्यकर्ता की गुंडागर्दी आए दिन देखने को मिलती है। टीएमसी के सांसद, विधायकों का सनातन के विरुद्ध विषाक्त बयान, नफरत की भाषा के समय बंगाल सरकार और उसकी पुलिस किस बिल में छिपी रहती है ? प्रश्न तो यह खड़ा होता ही है। इस तरह पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कहीं से उचित,निष्पक्ष, न्याय प्रिय नहीं है। शर्मिष्ठा ने सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर सार्वजनिक क्षमां दोत्दो बार बिना शर्त मांग ली थी, फिर इस तरह का कार्य दुर्भावना से ग्रसित ही है। हिंदुओं के प्रति अत्याचार है।

# कई मामलों में वांछित नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया/औरंगाबाद।** विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) के निर्देश पर 29 वाहिनी की 'ए' -समवाय भलुआही (औरंगाबाद) के गुलशन कुमार थापा, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में एसएसबी, स्थानीय पुलिस थाना- कुटुम्बा जिला- औरंगाबाद (बिहार) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान एक वांछित नक्सली, विनोद पासवान (उम्र- 52 वर्ष) उर्फ नवीन जी उर्फ विनोद राम उर्फ रवि यादव, पिता- मुखराज राम उर्फ मुखराज पासवान, ग्राम- गोलगरिवा थाना- कुटुम्बा जिला- औरंगाबाद (बिहार) को ग्राम- कोलडीहा थाना- कुटुम्बा जिला-औरंगाबाद (बिहार) से गिरफ्तार किया गया। उक्त नक्सली थाना- डुमरिया एवं बांकेबाजार जिला- गया जी (बिहार) में दर्ज कई नक्सली मामलों में संलिप्त था जिनका विवरण इस प्रकार है-

दर्ज मामलों का विवरण:-

थाना डुमरिया के अंतर्गत- (क) कांड संख्याः- 35/12 दिनांक 12/06/12 धारा 147/148/149/341/324/325/326/353/302/307/425/120 आईपीसी, 27 आर्म्स एक्ट, 3,4,5 विस्फोटक एवं 10,11,13(i), 13(ii) यूएपीए एक्ट। (ख) कांड संख्याः- 62/12 दिनांक 19/10/12 धारा 147/148/149/341/323/324/302/307/435/332/353/333-120 (ख) आईपीसी एवं 227 आर्म्स एक्ट एवं 9/10/11/13 (i) (ii) यूएपीए एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट।

थाना-बांकेबाजार के अंतर्गत- (क) कांड संख्या 19/14 दिनांक 19/02/2014।

CMYK

# कैमूर के नए जिलाधिकारी सुनील कुमार ने किया कार्यभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कैमूर के नवपदस्थापित जिलाधिकारी सुनील कुमार ने समाहरणालय परिसर में अपने पूर्ववर्ती जिलाधिकारी सावन कुमार से औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण से पूर्व सुनील कुमार ने जिले की आस्था का केंद्र मां मुंडेश्वरी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण कर समाहरणालय पहुंचे। समाहरणालय पहुंचने पर पूर्ववर्ती जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात सुनील कुमार ने जिला कोषागार का निरीक्षण किया एवं औपचारिक रूप से जिला पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अपने पूर्ववर्ती जिलाधिकारी सावन कुमार के साथ जिले की महत्वपूर्ण समस्याओं, जनता की अपेक्षाओं एवं विकासात्मक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। तत्पश्चात उन्होंने जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा भी की। इसके उपरांत जिलाधिकारी सुनील कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर उपस्थित सभी प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद किया। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पूर्ववर्ती जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा जिले को विकास के जिस स्तर तक लाया गया है, उसे मैं और आगे ले जाने का सतत प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के वांछित एवं वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। आम जनता के लिए उनके दफ्तर के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे तथा शीघ्र ही जनता दरबार का एक निर्धारित समय तय किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में गति लाकर जिले को सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर किया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ओमप्रकाश मंडल, उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश, कोषागार पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नशा तस्कर को पुलिस ने दबोचा, हेरोइन व लाखों का कैश जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** कुदरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के लालापुर में छापेमारी कर एक नशे के सौदागर को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से 52.14 ग्राम हेरोइन व 4.22 लाख नगद रुपये बरामद किया। पुलिस ने तस्कर के घर से हेरोइन तौलने वाला तराजू, एक एंड्रॉयड मोबाइल व पीले रंग का पेपर जो हेरोइन का पुड़िया बनाया जाता था, बरामद किया है। धराया तस्कर 22 वर्षीय राज कुमार उर्फ अरविंद राय पिता नंदकिशोर राम उर्फ किशोरी राम लालापुर वार्ड नंबर दो का निवासी है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि लालापुर का एक युवक काफी दिनों से हेरोइन की तस्करी कर रहा है। छापेमारी हुई तो उसके पास से हेरोइन पकड़ा जाएगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में हुई छापेमारी की जिसमें थानाध्यक्ष विकास कुमार, कुदरा थाना के विजय कुमार, मंटू कुमार, रजनीकांत चौधरी, राजेन्द्र दास, रामजी पासवान, अनिमेष कुमार व सतीरमण पांडेय शामिल थे। धराया तस्कर राजकुमार उर्फ अरविंद राम ने पुलिस के पूछताछ में बताया है कि वह मोहनियां में स्थित एक हेरोइन के बड़े व्यपारी से हेरोइन खरीदारी कर लाता था जिसको क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बेचने के लिए भेजता था। पुलिस ने बताया कि तस्कर ने मोहनियां के हेरोइन के बड़े तस्कर का नाम बताया है। पुलिस ने मामले में दोनों के खिलाफ प्रथामिकी दर्ज कर धंधे में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## मंत्री श्रवण कुमार ने किया खेल मैदान का उद्घाटन

### 15 करोड़ की लागत से कैमूर में 155 खेल मैदान की मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिले के मोहनियां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवकली पहुंचे ग्रामीण कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने विद्यालय परिसर में बने 10 लाख रुपए की लागत से खेल मैदान का उद्घाटन किया। साथ ही बच्चों और खिलाड़ियों को संबोधित किया।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कैमूर जिला में कुल 155 खेल मैदान का निर्माण की स्वीकृति मनरेगा योजना से दिया गया है जिसमें 95 खेल मैदान बनकर तैयार हो गया है। प्रत्येक खेल मैदान पर 10 लाख रुपये अनुमानित खर्च की गई है। कैमूर जिले में 15 करोड़ रुपए खर्च कर 155 खेल मैदान निर्माण का कार्य पूरा करेंगे। बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाएंगे। देश का पहला राज्य बिहार है जहां 6800 से ज्यादा खेल मैदान स्वीकृत की गई है। खेल के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस खेल विद्यालय की स्थापना की गई है । राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों के मानक के हिसाब से खेलों को आगे बढ़ाने की दिशा में बिहार में सरकार काम कर रही है। हमारे यहां के बच्चे की प्रतिभा किसी राज्य या देश के बच्चे के अपेक्षा बहुत अधिक है जो हमारे यहां मैट्रिक में लड़कियां फर्स्ट डिवीजन से पास करेगी उसको 10 हजार इंटर पास करेगी तो 25 हजार और लड़कियां ग्रेजुएशन करती है तो 50 हजार रुपए का राशि दिया जाता है। खिलाड़ियों को कहना चाहते हैं कि अगर आपको पढ़ाई में मन लगता है पढ़ाई क्षेत्र में नाम रोशन करिए, अगर पढ़ाई में मन नहीं लगता है खेल में मन लगता है तो खेल में नाम रोशन करिए और मेडल लाइए और नौकरी पाइये। सरकार ने इस योजना की भी शुरुआत की है।

## नए अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार ने कार्यालय में दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नव पद स्थापित अनुमंडल निलेश कुमार पदाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को योगदान किया और कार्य भार संभाला। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी वर्ष 2021 बैच निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह का उप विकास आयुक्त के पद पर कैमूर जिला कार्यालय में स्थानांतरण हो गया और डिहरी में पटना के वरीय उप समाहर्ता निलेश कुमार का अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पद स्थापन 22 मई को ही हो गया था। किंतु प्रधानमंत्री के विक्रमगंज में कार्यक्रम को लेकर योगदान और प्रभार आदान प्रदान की प्रक्रिया शिथिल रही। दोनों पदाधिकारियों ने आज एक दूसरे से प्रभार आदान प्रदान किया। इस क्रम में अधिवक्ता रितेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अमरनाथ समेत कई अधिवक्ताओं ने पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी को विदाई और नव पद स्थापित अनुमंडल पदाधिकारी को कार्यभार संभालने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया

## शिक्षाविद रामकिशोर बाबू सदैव अमर रहेंगे : डॉ. ललन सिंह

### पुण्यतिथि पर याद किए गए आर के एस कॉलेज के संस्थापक रामकिशोर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले रामकिशोर सिंह सदैव अमर रहेंगे। वे आज हम लोगों के बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों से आज लाखों की संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। डालमियानगर स्थित राम किशोर सिंह महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय रामकिशोर सिंह की पुण्यतिथि पर कॉलेज प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सचिव डॉ ललन सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में किए गए अपने योगदान के लिए रामकिशोर बाबू सदैव अमर रहेंगे।

## 'पढ़ेंगे पढ़ेंगे और सीखेंगे हम' के थीम पर संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के सिसवार मिडिल स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों को समय पर होमवर्क पूरा करने पर चर्चा किया गया। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन पर भी चर्चा किया गया। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का मुख्य थीम 'पढ़ेंगे पढ़ेंगे और सीखेंगे हम' था। हेडमास्टर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संगोष्ठी में पाठ्य पुस्तकों के रखरखाव, दिए गए गृह कार्य को पूरा करने व घरों में रीडिंग कॉर्नर के महत्व को अभिभावकों के समक्ष रखा गया। अभिभावकों से संवाद के क्रम में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत करने हेतु अनुरोध के साथ ही अभिभावकों से भी सुझाव लिया गया। बच्चों के शैक्षणिक प्रगति को ध्यान में रखते हुए हेडमास्टर ने एक नवाचार के क्रम में प्रत्येक वर्ग शिक्षक को एक डायरी भेंट किया जिसका उद्देश्य वर्ग सापेक्ष दक्षता प्राप्त नहीं करने वाले बच्चों के आकलन से संबंधित जानकारियां इस डायरी में संधारित की जाएगी। बच्चों की प्रगति की समीक्षा पाक्षिक रूप से शिक्षक हेडमास्टर बैठक में की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ग में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय शिक्षा समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष कमलनाथ सिंह, सोनी देवी, रेणु देवी, चिंता देवी, सरिता देवी, शिक्षक राजेश कुमार सिन्हा, संगीता कुमारी, अरविंद प्रसाद, आदित्य कुमार सिंह, निर्मला देवी, सुनीता देवी, शिबा नाज, संतोषी कुमारी समेत दर्जनों उपस्थित थे।

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में प्रबंधन संकाय के स्नातकों का विदाई समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय ने एमबीए, बीबीए एवं बीबीए (रूरल मैनेजमेंट) के स्नातक छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य विदाई समारोह 'अनुस्मरण' रविवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया। यह कार्यक्रम पुरानी यादों, गर्व और उत्साह से भरा हुआ था क्योंकि संकाय सदस्य, छात्र और विशिष्ट अतिथि स्नातक बैच की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे। समारोह की शुरुआत सचिव गोविंद नारायण सिंह, अकादमिक निदेशक सुदीप कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. कुमार आलोक प्रताप, प्रबंधन संकाय के डीन प्रो विवेक शर्मा एवं संकाय के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात डीन, परीक्षा नियंत्रक एवं अकादमिक निदेशक ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन पर शुभकामनाएं दी तथा छात्रों की कड़ी मेहनत, लचीलापन और विश्वविद्यालय समुदाय में योगदान के लिए उनकी सराहना की और प्रोत्साहन के शब्द साझा किए। स्नातकों से अपने मूल्यों को बनाए रखने, आजीवन सीखने वाले बने रहने और अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने का आग्रह किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों के भावपूर्ण भाषण थे जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा, दोस्ती, चुनौतियों और जीत के बारे में बताया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पुरस्कार वितरण और संकाय और छात्रों दोनों की ओर से आभार व्यक्त करने से माहौल जीवंत हो गया। संकाय ने भविष्य के प्रबंधक तथा इंडस्ट्री में नेतृत्व को तैयार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास व्यक्त किया कि विदा होने वाला बैच विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, अखंडता और नवाचार की विरासत को आगे ले जाएगा। समारोह के समापन पर छात्रों ने खुशी से लेकर कड़वी-मीठी भावनाओं के साथ विदाई ली।

## रामडीहरा के अजय सिंह की करंट से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** गांव में उस समय मातम छा गया जब रामडीहरा निवासी यशवंत सिंह उर्फ अजय सिंह (उम्र लगभग 48 वर्ष) की मृत्यु खेत में फैले करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना शनिवार सुबह लगभग 9 बजे की है जब वे अपने खेत में कार्य हेतु गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके खेत में जंगली नीलगायों ने लगे हुए बिजली के तार को तोड़ दिया था। टूटे तार से करंट फैल गया जो अजय सिंह के मूंग के खेत में गिरा हुआ था। जैसे ही अजय सिंह खेत में पहुंचे, वे करंट की चपेट में आ गए। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना उनके भतीजे संग्राम सिंह, जो वर्तमान में गोपालगंज में पुलिस अवर निरीक्षक (पु.अ.नि.) के पद पर कार्यरत हैं। स्व. अजय सिंह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं जो दोनों ही स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं।

## साइकिल व बाइक की टक्कर में साइकिल सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के मौना शंकर पुर समीप मुख्य पथ पर तेज साइकिल व बाइक सवार की जोरदार टक्कर में साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम की बताई जाती है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 50, 51, 55-59-एमएलडीटी-25-26 दिनांक 27.05.2025 (पी.वे और सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 50-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/जमालपुर-I के अंतर्गत खराब तट के श्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं पुनर्वास, कुल-0.9 किमी. के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,33,52,637.26, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 51-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/जमालपुर-II के अंतर्गत खराब तट के श्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं पुनर्वास, कुल-1.8 किमी. के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,68,16,577.11, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 55-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायाक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में किमी (डाउन लाइन) 270-270.3, 266.3-266, 262-262.6, 257.3-257.4, 257.8-258, 258.2-258.3, 258.8-259.3, 251.1-251.2, 245.7-247.2, (अप लाइन) 225.7-226.1, 233-233.4, 234.7-235, 270.2-270.9, 248.8-249.2, 247.3-247.7, 244-244.6, 244.8-245.1, 242.8-243.6. 262.3-262.9 पर सेस मरम्मत के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,11,35,485.34, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 56-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/ भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में भागलपुर-बाराहाट खंड के बीच किमी 27.5-28, 21.5-22, 1-1.8, 5.1-6.4, 7-8.4, 10.4-10.9, 13.8-14.32, 16.8-17.4, 25.3-26.3, 28-28.5, 29.5-30.6, कहलगांव-भागलपुर खंड के बीच किमी (डाउन लाइन) 273-274.4, 300-300.7, 301-302.7, (अप लाइन) 281.4-282.1, मंदारहिल-दुमका खंड के बीच किमी 50.4-51.3, 66-66.3, 66.5-66.9, 70.8-71.7, 80.6-81.5, 83.8-84.2, 96.6-97.7, 105.7-106.9, 109.6-110.3 और बाराहाट-बांका खंड के बीच किमी 39.4-39.9, 40.6-41.2, 44.9-45.8 पर सेस मरम्मत कार्य हेतु खुला ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,64,53,952.21, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 57-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार के कार्य और आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए मिर्जाचौकी और पीरपैंती स्टेशनों पर ट्रैक साइडिंग के प्रावधान एवं सहायक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,52,29,937.80, **क्रम सं. 6, निविदा सं. 58-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भागलपुर-I के अधीन भागलपुर स्टेशन यार्ड में ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार के कार्य और आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए कहलगांव और सबौर स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,13,48,287.25, **क्रम सं. 7, निविदा सं. 59-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/जमालपुर-I के अधीन आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए कल्याणपुर रोड, अकबरनगर और सुलतानगंज स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान एवं सहायक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,76,24,634.21,**निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 18.06.2025 को 15.30 बजे। (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)।

MLD-73/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## पंचायत स्तरीय शारदीय कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के पसाई पंचायत के एकौनी एवं बेलाव पंचायत के करौंदा में सोमवार को शारदीय कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया जहां एटीएम अमन ने बताया कि 2 जून से 21 जून तक पंचायत स्तर पर किसान चौपाल किया जा रहा है जहां आज प्रखंड के करौंदा एवं एकौनी के किसान भाई को वैज्ञानिक पद्धति से समसामयिक जानकारी से अवगत कराया गया। ताकि जलवायु अनुकूल खेती अंतर्गत बाढ़-सुखाड़ जैसी परिस्थितियों में भी उन्नत तरीके से खेती कर सके। पंचायत स्तर पर किसान चौपाल कार्यक्रम इस शारदीय अभियान में प्रशिक्षणार्थियों को जलवायु अनुकूलन कृषि कार्यक्रम मोटे अनाज की खेती, खरीफ मक्का की खेती, बेबी कॉर्न स्वीट कॉर्न, शंकर धान की खेती को बढ़ावा देने हेतु बीज पर अनुदान, प्रचलित सुगंधित धान की खेती को बढ़ावा देने जैसी प्रशिक्षण दी गई। मौके पर गीता कुमारी बीटीएम, प्रवीण कुमार सिंह कृषि सलाहकार के साथ किसान भोला प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, राजेंद्र सिंह, हीरामन राम, सैयद अंसारी इत्यादि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## अपहरण कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सदर थाना अंतर्गत अपहरण कांड में अभियुक्त दीपक कुमार, पे.अशोक खरवार, सा. पहलादपुर, थाना जमानियां, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## रुद्रवार से वारंटी धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सोनहन थाना अंतर्गत वारंटी खोभारी गोंड, पिता ललिता गोंड, ग्राम रुद्रवार कला, थाना-सोनहन, जिला-कैमूर को गिरफ्तार कर अदालत में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## फिटनेस के लिए जवानों ने की पीटी

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर पुलिस हिट होने के लिए फिट हो रही है। पुलिस अधीक्षक कैमूर, भभुआ के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र भभुआ के परेड ग्राउंड में सोमवार को फिटनेस के लिए जवानों ने पीटी की।

## सोन उच्चस्तरीय नहर में पानी छोड़ने की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सोन उच्चस्तरीय नहर में पानी छोड़ने के लिए कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर मांग की गई। भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने सोमवार को कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग को लिखित पत्र देकर दो दिनों के अंदर पानी छोड़ने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने पत्र में लिखा रोहणी नक्षत्र किसानों को धान का बिचड़ा खेतों में डालने के लिए उपयुक्त माना जाता है। उन्होंने कहा दो दिनों के अंदर सोन नहर में छोड़ा जाय। विमलेश पांडेय ने कहा पानी छोड़े जाने से किसान अपने खेतों में धान का बिचड़ा डाल देंगे, जल स्तर भी ऊपर आ सकेगा। उन्होंन कहा नहर में पानी छोड़ने से पशुओं एवं जानवरों को पीने के लिए पानी सुलभ हो जाएगा।

## गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में समर कैंप का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस 21 दिवसीय शिविर में कुल 110 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नृत्य कक्षा, कंप्यूटर कक्षा, संगीत कक्षा, चित्रकला एवं पेंटिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक आर. पी. सिंह और प्रधानाध्यापक श्री कुमार सविनय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आर. पी. सिंह ने कहा-हमारा उद्देश्य बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाना है। यह शिविर बच्चों के लिए सीखने और आनंद लेने का एक अद्भुत अवसर है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिविर के समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे अभिभावकों से भी आग्रह किया है कि वे बच्चों को नियमित रूप से शिविर में भेजें ताकि वे अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

## आरपीएफ ने नाबालिग लड़की को किया चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ ड्यूटी स्टाफ डिहरी ऑन सोन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02/03 पर गश्त करते हुए सभी आने-जाने वाले गाड़ियों को सुरक्षित पास करा रहे थे कि इस दौरान उन्होंने एक लड़की को अकेले घबराई हुई इधर-उधर घूमते हुए देखा। उक्त लड़की को नाबालिग होना पाकर महिला रेल कर्मचारी के समक्ष पूछताछ करने पर नाबालिग लड़की ने अपना नाम एवं पता काल्पनिक नाम नीतू कुमारी, उम्र करीब-17 वर्ष, पिता-सीताराम ग्राम-पकड़ी टोला, थाना-लेस्लीगंज, जिला-रोहतास बताई एवं बताई कि घर से भाग कर आयी है। तत्काल इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 पर देते हुए उक्त नाबालिक लड़की को उक्त महिला सदस्या के साथ लेकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन आए और उन्हीं की देखरेख में रखा गया। उक्त सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन रोहतास के केस वर्कर रंजू कुमारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर उपस्थित हुए।

## कुदरा स्टेशन पर लगा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम, परिचालन से सुरक्षा और गति में वृद्धि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देशन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पूर्णतः संरक्षित तथा अधिक त्वरित व सुचारु रेल परिचालन हेतु रेल अवसंरचना का निरंतर उन्नयन कर क्षमता वृद्धि की जा रही है। इसी क्रम में मंडल के अंतर्गत ग्रैंड कॉर्ड रेल खंड में कुदरा स्टेशन पर पुराने एंड केबिन पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम के स्थान पर सफलतापूर्वक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम लगाने का कार्य पूर्ण कर नए सिस्टम से रेल परिचालन प्रारंभ किया गया। इस नए सिस्टम से ट्रेनों के संचालन में और तकनीकी मजबूती एवं आधुनिक नियंत्रण सुनिश्चित हो सकेगा। इस नए सिस्टम के अंतर्गत ब्लॉक वर्किंग हेतु ट्रैक सर्किट के स्थान पर अत्याधुनिक डुअल एमएसडीएसी लगाए गए हैं। साथ ही अन्य उन्नत सिग्नलिंग उपकरणों की स्थापना भी की गई है जो परिचालन की कार्यक्षमता को नई दिशा प्रदान करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तकनीक के उपयोग से न केवल ट्रेनों की गति और समयबद्धता में सुधार होगा, बल्कि रेल संचालन में सुरक्षा के उच्च मानक भी सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

## बीएन कॉलेज इंदौर के संस्थापक धरीक्षण सिंह की पुण्यतिथि समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दिनारा (रोहतास)।** बद्री नारायण महाविद्यालय इंदौर, रोहतास के संस्थापक एवं दिनारा क्षेत्र के लब्ध प्रतिष्ठित समाजसेवी तथा आजीवन मुखिया रहे स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय धरीक्षण सिंह की 30 वीं पुण्यतिथि समारोह कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई। पुण्यतिथि समारोह का विधिवत उद्घाटन दिनारा के विधायक विजय कुमार मंडल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभा की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर बच्चा सिंह एवं संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी व बिहार प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ सरोज कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों - कवियों एवं प्रबुद्ध जनों सहित शिक्षा कर्मियों ने उनके आदम कद का प्रतिमा एवं तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पेंटिंग ठेकेदार हत्याकांड का खुलासा पत्नी व प्रेमी निकले साजिशकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में ठेकेदारी करने वाले युवक की हत्या के पीछे चौंकाने वाला सच सामने आया है। नूरसराय थाना क्षेत्र में हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि पति, पत्नी के पुराने प्रेम-प्रसंग में बाधा बन रहा था, इसी वजह से उसकी साजिश के तहत हत्या कर दी गई।



**क्या है मामला:**

30 मई की सुबह पेंटिंग का ठेका लेने वाला युवक रोज़ की तरह अपने घर से काम पर निकला ही था कि पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोलियों से भून डाला। तीन गोलियां लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक दो बच्चों का पिता था और गांव में मकान पेंटिंग का ठेका लेकर जीविकोपार्जन करता था।

सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेस को बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर जांच टीम ने खुलासा किया कि मृतक की पत्नी का विवाह से पहले ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग था। प्रेमी के कुछ वर्षों तक दिल्ली में रहने के कारण संपर्क टूटा, लेकिन हाल ही में लौटने के बाद दोनों फिर से मिलने लगे।

पति इस अवैध संबंध में बाधा बन रहा था, जिसके चलते पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। प्रेमी ने अपने एक सहयोगी की मदद से इस साजिश को अंजाम दिया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।

**पुलिस का दावा:**

डीएसपी संजय जायसवाल ने कहा, यह सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि विश्वास की नृशंस हत्या है। आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी ने सोची-समझी साजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस अब इस मामले में चार्जशीट की तैयारी में जुटी है, जबकि तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम को अलग-अलग जिलों में भेजा गया है। इस हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग इसे पारिवारिक रिश्तों में गिरते नैतिक मूल्यों का शर्मनाक उदाहरण मान रहे हैं।

# 14 स्टेट ट्यूबवेल में एक भी चालू नहीं, किसानों की बढ़ी चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सरमेरा में सरकारी उदासीनता और लापरवाही के कारण किसानों को गहरी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे प्रखंड में कुल 14 स्टेट ट्यूबवेल हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि एक भी ट्यूबवेल चालू अवस्था में नहीं है। इससे खेती कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। 25 मई से शुरू हुआ रोहिणी नक्षत्र, जो धान की खेती के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस समय किसान अगात प्रमोद और अधिक उपज देने वाली अगहनी धान की नर्सरी लगाने में जुटे हैं। परंतु सिंचाई सुविधा के अभाव में उनकी तैयारी अधूरी रह जा रही है। ट्यूबवेल चालू न होने के कारण किसान निजी बोरिंग से महंगे दर पर सिंचाई करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ती जा रही है। यदि सरकारी स्टेट ट्यूबवेल कार्यरत होते, तो किसानों को काफी राहत मिलती और उत्पादन लागत भी कम होती। प्रखंड के गौसनगर, गोपालबाद, जहांगीरपुर, पनामा, बढ़िया, धनाम बीघा, तोड़ा, सरमेरा, नयागढ़, चेरो, वृंदावन, मर नगर, ससौर और गोवा चक गांवों में ये स्टेट ट्यूबवेल स्थित हैं, जो वर्षों से बंद पड़े हुए हैं। प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि ष्सरमेरा के सभी बंद पड़े स्टेट ट्यूबवेल को जल्द से जल्द मरम्मत कर चालू किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खेती कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# दो किशोरों पर चाकू से हमला, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के लखनु बिगहा गांव में प्रेम प्रसंग दो किशोरों पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल युवक नाजुक हालत में पटना के निजी क्लीनिक में भर्ती है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र की है, जिसने इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक गिरियक थाना क्षेत्र के तारोखर गांव का है। वहीं घायल किशोर की चुलिहारी गांव है। दोनों मौसेरे भाई बताए जा रहे हैं। सदर डीएसपी नूरुल हक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। घायल किशोर के बयान पर उसके पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में तनाव का माहौल है, फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## रहुई ब्लॉक में नहीं बन रहा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** रहुई प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में समस्याएं हो रही है। 19 मई से प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। जहां दूर दराज से प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मई गांव से छोटी कुमारी, पेशौर गांव से सीमा कुमारी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक आए जहां आरटीपीएस काउंटर पर आए जहां जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। डाटा ऑपरेटर के द्वारा कहा गया कि पंचायत स्तर पर अब पंचायत में ही जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इस संबंध में संबंधित पंचायत सचिव से बात किया तो उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा अभी आईडी और पासवर्ड नहीं दिया गया है। आईडी और पासवर्ड मिलने के बाद ही प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इस तरह लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी ब्लॉक का चक्कर काटना पड़ रहा है तो कभी पंचायत का चक्कर काटना पड़ रहा है।

## राजद ने जारी की कौआकोल प्रखण्ड के सभी पंचायत अध्यक्षों की सूची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड राजद ने सभी पंचायतों में नवमनोनीत पंचायत राजद अध्यक्षों की सूची जारी की है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि कौआकोल प्रखण्ड के सभी पंचायतों में निर्विवाद ढंग से पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार दरावां पंचायत में वीरेन्द्र प्रसाद, छबैल में रघुनन्दन यादव, खड़सारी में कामेश्वर प्रसाद,पाली में मुकेश प्रसाद,मंझिला में राजीव कुमार, केवाली में विभीषण मिस्त्री, नावाडीह में रामबालक चौधरी, पांडेयगंगौट में संजय कुमार, देवनगढ़ में महेंद्र प्रसाद, सरौनी में अशोक रविदास, सोखोदेवरा में अवध पासवान, कौआकोल में सियाराम यादव, पहाड़पुर में सीताराम महतो, लालपुर में मोहम्मद अलाउद्दीन तथा महुडर पंचायत में कुलदीप प्रसाद को पंचायत अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

# महिला संवाद कार्यक्रम बना जनभागीदारी का सशक्त मंच

**1171 ग्राम संगठनों में हुआ आयोजन, 29,947 सुझाव प्राप्त, महिलाओं ने जताई विकास की नई उम्मीदें**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम नवादा जिले में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ जनचेतना का नया अध्याय रच रहा है। जिले के कुल 1510 ग्राम संगठनों में इस कार्यक्रम के आयोजन की योजना है, जिनमें से अब तक 1171 ग्राम संगठनों में महिला संवाद सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। अब तक 1,02,843 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया है। इनमें 87,745 महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जबकि 15,108 अन्य स्थानीय महिलाएं भी शामिल रही हैं। इस व्यापक सहभागिता के दौरान कुल 29,947 सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से



रिकॉर्ड कर संबंधित विभागों तक भेजा जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद रथ के माध्यम से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी बिहार सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे महिला आरक्षण, जीविका, नशामुक्ति अभियान, सतत जीविकोपार्जन योजना, बाल विवाह एवं दहेज उन्मूलन, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना और बालिका पोशाक योजना पर आधारित वीडियो दिखाए गए।

इस दौरान योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह इन योजनाओं ने उनके जीवन में बदलाव लाया। महिलाओं ने न सिर्फ अपने व्यक्तिगत विकास की बातें कहीं, बल्कि पंचायत और समाज को बेहतर बनाने के लिए भी खुलकर अपनी आकांक्षाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी को राज्य की विकास नीतियों का हिस्सा बनाना है, ताकि नीति-निर्माण में उनकी आवाज को समुचित स्थान मिल सके। नवादा जिले में हो रही उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह स्पष्ट है कि यह पहल सामाजिक बदलाव की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रही है।

# डीएम ने पोषण ट्रैकर, आधार सीडिंग और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समेकित बाल विकास सेवा योजनाओं की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से पोषण ट्रैकर ऐप पर एफआरएस एवं ई-केवाइसी की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं को आधार से जोड़ने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कन्या उत्थान योजना, बालिका पोशाक योजना और कन्या वात्सल्य योजना की पारदर्शिता और लाभुकों तक त्वरित लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए आधार नामांकन केंद्रों की स्थापना कर छात्र-छात्राओं और नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की अद्यतन स्थिति पर जानकारी लेते हुए डीएम ने निर्देशित किया कि जहां उपकरणों की कमी हो, वहां नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों से संसाधन लेकर पहचान कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। साथ ही ऐचडब्लयूसी और एचएससी केंद्रों के साथ समन्वय कर बच्चों की निगरानी और उपचार सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं—जैसे पेयजल, शौचालय और बिजली—की स्थिति की भी समीक्षा की। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आइसीडीएस निरूपमा शंकर ने बताया कि आरआइडीएफ योजना के तहत 60 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनकी भूमि चिन्हित कर ली गई है। 80 जर्जर भवनों को तोड़कर नए भवन निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है। मनरेगा से 200 शौचालयों के निर्माण में से 170 का कार्य पूर्ण हो चुका है।

बैठक में यह भी सामने आया कि चौथी तिमाही का चावल उठाव अब तक नहीं हुआ है, जिस पर डीएम ने डीएमएसएफसी को पत्राचार कर जल्द उठाव सुनिश्चित कराने का आदेश दिया। निरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान मेसकौर और नारदीगंज क्षेत्र में कम निरीक्षण पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के बच्चों की देखभाल और अधिकारों की रक्षा हेतु संस्थागत और गैर-संस्थागत योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब तक 361 बैट्री चालित ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया है, वहीं 12,993 दिव्यांगजनों का यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड बनाया जा चुका है, जो देशभर में कल्याणकारी योजनाओं के लिए मान्य है।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कोषांग पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, सभी सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## 22 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 1 जून 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में तीन एवं अन्य गिरफ्तारी 19 कुल 22 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-19 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 777 वाहनों की जॉच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि एक लाख 66 हजार 500 रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# बिजली संकट को ले लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** बिजली संकट को लेकर पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के दोस्तलीबिगहा मोहल्ले के गुस्साए लोगों ने सोमवार को पकरीबरावां बाजार में जाम कर दिया। लोग सही बिजली नहीं मिलने से नाराज थे। लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले में ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। शिकायत के बाद उसे बदल दिया गया। इस बार जो ट्रांसफार्मर लगाया गया वह ठीक नहीं है। लोगों का आरोप है कि 100 केवीए की जगह 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जिसके कारण लो वोल्टेज की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। बताया गया कि लो वोल्टेज के कारण समर्सिबल से पानी भरने में परेशानी हो रही है। यहां तक की मोबाइल चार्ज करना भी दुश्वार हो गया है। आरोप लगाया गया



कि बिजली विभाग के अधिकारी मोबाइल रिसीव नहीं करते हैं। इस बीच लोगों ने बिजली विभाग के विरुद्ध नारेबाजी भी की। लोगों का कहना था कि जब वे लोग नियमित रुप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं तो फिर उन्हें अच्छी बिजली क्यों नहीं मिलती है। सूचना मिलने के बाद सहायक अवर निरीक्षक ने गुस्साए लोगों से बात की। उन्होंने बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों से बात कर उनकी समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम को हटाया। लगभग एक घण्टे तक हुए जाम से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। इधर, बिजली विभाग के कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर हाल ही में ट्रांसफॉर्मर को बदल दिया गया। फिर ट्रांसफॉर्मर में खराबी की शिकायत लोगों ने शनिवार को विभाग में की। शिकायत के बाद ट्रांसफॉर्मर को लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाता है।

# ग्रामीणों ने धार्मिक वातावरण में की बघेल बाबा की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर नगर के चकपर खंधा में सोमवार को अपने मन्नते को लेकर रामकिशुन बाबा उर्फ बघेल बाबा व बाघ बाबा का पूजा गंजपर के ग्रामीणों द्वारा धार्मिक विधि-विधान व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इधर वार्ड पार्षद अजय यादव ने बताया कि गंज पर के रहने वाले लोग अपने परिवार को सुखी संपन्न रखने लेकर वर्षो पूर्व से रामकिशुन बाबा उर्फ बघेल बाबा व बाघ बाबा का पूजा करते आ रहें हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वजों का मानना है कि जब ग्रामीणों को किसी तरह की आपदा का संकट आता है तो यह बाघ बाबा ग्रामीणों की रक्षा करते



हैं। उन्होंने बताया बघेल बाबा व बाघ बाबा एक समय संकट की घड़ी में बाघ पर सवार होकर आए और ग्रामीणों को उस संकट से बचाने का काम किये। उन्होंने बताया प्रत्येक वर्ष ग्रामीणों द्वारा बघेल बाबा का पूजा किया जाता है। इस पूजा में अच्छे संख्या में लोग शामिल होकर पूजा का धार्मिक लाभ लेते हैं।

## आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** फर्जी जमीन दिखाकर एवं निवेश करने का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी करने के आरोपित पकरीबरावां प्रखण्ड के धमौल बाजार निवासी रौशन गुप्ता एवं उसकी पत्नी मोनी कुमारी के घर पुलिस ने कुर्की से पूर्व इश्तेहार चिपकाया दिया है। सोमवार को धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू की मौजूदगी में धमौल बाजार स्थित उसके घर एवं दुकान के दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया गया। ढोल बजाकर यह कार्रवाई की गई है।

# नवादा में शुरू हुआ सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम, 720 बच्चों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के निर्देश और जिलाधिकारी रवि प्रकाश के आदेशानुसार सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम ओड़ो में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला आपदा प्रबंधन कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने किया। यह प्रशिक्षण 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को जल-दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी देने और तैराकी में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 12 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण का






संचालन जिले के दो स्थलों—ग्राम ओड़ो (नारदीगंज) एवं ग्राम नुरीचक (काशीचक)—में किया जाएगा। कुल 720 प्रशिक्षुओं को 24 बैचों में विभाजित कर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 2 जून से 12 अगस्त 2025 तक चलेगा।

**प्रत्येक दिन दो शिफ्ट में प्रशिक्षण:**

बैच 01 : सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक

बैच 02 : सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे तक।

प्रशिक्षण छह चरणों में संपन्न होगा, जिसमें प्रत्येक चरण 12 दिन का होगा। प्रशिक्षण संचालन हेतु 10 मास्टर ट्रेनर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है—प्रत्येक स्थल पर 5 मास्टर ट्रेनर्स कार्यरत रहेंगे। साथ ही 2 चौकीदार, 2 स्वच्छता ग्राही, 1 चिकित्सक व 2 एएनएम की टीम भी सुरक्षा और स्वास्थ्य निगरानी के लिए तैनात की गई है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट और हाफ ट्राउजर प्रदान किया जाएगा। अंत में एक तैराकी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सतत निगरानी अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) के नेतृत्व में की जाएगी।

जिला प्रशासन ने अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक बच्चों को इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रेरित करें, जिससे जल-सुरक्षा की जानकारी व्यापक रूप से प्रसारित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अंचलाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कैलाश यादव लगातार आठवीं बार बने राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में सोमवार को राजद की प्रखण्ड अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं जिला से नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद थे। राजद के चुनावी प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी सह युवा राजद जिलाध्यक्ष कौशल राय एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विरेन्द्र पासवान की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निवर्तमान राजद अध्यक्ष व थाना क्षेत्र के जोगाचक गांव निवासी कैलाश प्रसाद यादव को प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया



गया। उन्हें लगातार आठवीं बार राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक कौशल राय ने बताया कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकमत होकर कैलाश प्रसाद यादव के नेतृत्व पर भरोसा जताया।

# बिजूबिगहा गांव के युवक की तमिलनाडु में संदिग्ध अवस्था में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** नवादा जिले के धमौल थाना अंतर्गत बिजूबिगहा गांव के एक युवक की तमिलनाडु के कोयंबटूर में संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। युवक बिजूबिगहा के सुनील पासवान का 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार था। वह कोयंबटूर में अपने भाई सुधांशु एवं चचेरा भाई नीतीश के साथ रहता था और एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसकी लाश उसके किराए के मकान के बाथरूम में रस्सी पर झूलती मिली। हालांकि उसका दोनों पैर जमीन को छू रहा था। पैर भी मुड़ा हुआ था। इससे यह प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए रस्सी से टांग दिया हो। घटना 31 मई की बताई जा रही है। उसका भाई सुबह ड्यूटी पर गया था जबकि नीतीश घर में सो रहा था। नीतीश और मृतक सूरज नाइट ड्यूटी करता था। उसके भाई सुधांशु को संध्या 5 बजे घटना की सूचना मिली। सूचना उपरांत वह घर आया तो देखा कि उसके भाई की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तत्पश्चात, कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को उसके भाई को सौंप दिया। इधर, सोमवार को उसका शव गांव बिजूबिगहा लाया गया। शव पहुंचते ही गांव में चीख पुकार मच गई। परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गई है।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के गांधी टोला निवासी 61 वर्षीय मोहन मांझी की मौत तालाब में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि मृतक अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले एक तालाब में वह गिर पड़ा। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है।

## राहुल गांधी आगमन को ले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राहुल गांधी की 6 जुन की यात्रा को लेकर कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक राजेंद्र आश्रम धनेश्वरघाट बिहारशरीफ में आयोजित किया गया। बैठक के बाद जेड इस्लाम की सुपुत्री स्वीटी इस्लाम ने कांग्रेस का दामन थामा साथ ही अति पिछड़ा नेता दिलीप कुमार भी नरेश प्रसाद अकेला के नेतृत्व में चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज राज्य में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है हमारी बहू बेटियों की आज इज्जत सरेआम लूटा जा रहा है।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वारिसलीगंज प्रखंड सभागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर किया गया, जिसके मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार की देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को वरिष्ठ नागरिक का दर्ज़ा प्राप्त है और उनके लिए विशेष कानूनी अधिकार निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक को अपने अधिकारों के हनन की शिकायत हो, तो वे अनुमंडल कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही यदि किसी निर्णय से वे असंतुष्ट हों तो परिवार न्यायालय में अपील भी दायर कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद डिफेंस लॉयर चंद्रमौली शर्मा और पारा विधिक स्वयंसेवक ने भी वरिष्ठ नागरिकों को सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

# प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के 'विश्व में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने' के अभियान के फतेहपुर प्रखंड स्थित ग्राम केतरा के 'क्रिएटिव पब्लिक स्कूल' के विद्यार्थियों एवं आसपास के ग्रामीणों के बीच प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी एवं प्लास्टिक के एकल उपयोग पर प्रतिबंध का दृढ़ता से पालन करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर गुरपा वन प्रक्षेत्र के रेंज ऑफिसर रजनीश कुमार अपने अधीनस्थ वनकर्मियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि




प्लास्टिक प्रदूषण आज के समय में एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुका है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों और समुद्री जीवों के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। प्लास्टिक एक ऐसा कृत्रिम पदार्थ है जो प्राकृतिक रूप से बहुत धीमी गति से विघटित होता है। इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग, विशेष रूप से एकल-प्रयोग प्लास्टिक, जैसे कि थैलियां, बोतलें, स्ट्रॉ और पैकेजिंग सामग्री, हमारे चारों ओर कचरे के रूप में इकट्ठा हो जाता है। यह कचरा मिट्टी की उर्वरता को घटाता है और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। समुद्री जीव जैसे कि कछुए, मछलियां और पक्षी अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझकर खा लेते हैं जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा जब प्लास्टिक छोटे-छोटे टुकड़ों (माइक्रोप्लास्टिक) में टूट जाता है तो वह जल और खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश कर सकता है और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, जैसे हार्मोन असंतुलन, कैंसर और पाचन तंत्र की परेशानियां। प्लास्टिक जलाने पर यह वायुमंडल को भी प्रदूषित करता है और विषैली गैसें छोड़ता है। राजगोपालन वासुदेवन के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कैसे प्लास्टिक कचरे को रोड के निर्माण में इस्तेमाल किया गया। इस संकट से निपटने के लिए हमें 'तीन आर' के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। साथ ही सरकारों को सख्त कानून बनाकर प्लास्टिक के उत्पादन और उपयोग पर नियंत्रण लगाना चाहिए। आम लोगों को भी जागरूक होकर कपड़े या जूट की थैलियों का उपयोग करना चाहिए और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनानी चाहिए। प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, निष्पादन एवं प्लास्टिक के उपयोग की जगह इसके सतत विकल्पों के ऊपर ध्यान देने एवं इसके प्रति जनजागरुकता फैलानी चाहिए। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों के बीच एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें अव्वल छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह, अध्यापकगण, विद्यार्थियों एवं गुरपा वन प्रक्षेत्र के तहत सभी वनकर्मियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

## अल्पसंख्यक आयोग के गठन में समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार सरकार द्वारा हाल में किए गए अल्पसंख्यक आयोग के गठन को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में असंतोष उभर आया है। मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहलाल सिद्दीकी उर्फ लाल बाबू, अधिवक्ता ने आयोग में समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर गहरी नाराजगी जताई है। सिद्दीकी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संगठन के उन कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर दिया गया जो वर्षों से भाजपा की विचारधारा के साथ ईमानदारी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग में ऐसे चेहरों को शामिल किया गया है जो केवल अवसरवादी हैं और चुनावी मौसम में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिर्फ टोपी पहन लेने से कोई सच्चा कार्यकर्ता नहीं बन जाता। असली कार्यकर्ता वह है जो बिना किसी पद या लाभ की उम्मीद के पार्टी के झंडे और देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में गर्व महसूस करता है। सिद्दीकी ने सरकार से मांग की कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जमीनी कार्यकर्ताओं को भी आयोगों और अन्य संस्थागत संरचनाओं में प्रतिनिधित्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा दिखावे के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ भाजपा के मूल मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है।

## तिनेरी गांव में महिला की हत्या, 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव में महिला की हत्या मामले में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज सोमवार को हुआ और जांच में पुलिस जुटी है। परिजनों ने कहा कि रविवार की देर रात ग्राम तिनेरी में दहेज लोभियों ने बहू को जहर देकर मार डाला और साक्ष्यों को छुपाने के लिए शव को रात में ही श्मशान घाट पर ले जाकर जला दिया गया। जानकारी के अनुसार आंती थाना क्षेत्र के चंदैनी गांव के विनय यादव की पुत्री शबीना कुमारी की शादी विगत वर्ष तिनेरी गांव के सुरेश यादव के पुत्र विकास कुमार के साथ सम्पन्न हुआ था जबसे शादी हुई थी तब से लड़की के परिजनों ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उसी कारण विगत रात शबीना को पति समेत ससुर, सास, भैसूर, ननद आदि ने मिलकर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उक्त मामले में लड़की के भाई रौशन कुमार द्वारा आंती थाना में ससुराल वालों के दस लोगों को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि हमेशा मेरे बहन को मोटरसाइकिल व दो लाख रूपये मैके से मांगने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उक्त मामले में पति विकास कुमार, ननद रूपा कुमारी, प्रीति कुमारी, रूबी कुमारी, भैंसूर चंदन कुमार, मुन्ना कुमार, देवर तरूण कुमार, चचेरा ससुर सुरेन्द्र यादव, सास जीरामणी देवी समेत दस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वहीं मृतक के पति विकास कुमार ने कहा कि मैंने पत्नी को किराए के मकान में रफीगंज में रखता था जो किसी लड़के से प्रेम प्रसंग में विगत फरवरी माह में भाग गई थी जिसे रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उसी क्रम में परैया स्टेशन से पत्नी को पकड़ा गया और रफीगंज थाना पर लाकर बौंड बनाया गया था जिसमें पत्नी अपने से एक लड़का के द्वारा बहला-फुसला कर भगाने का आरोप लगाया था। उस समय हमलोग पर थाने में किसी प्रकार के आरोप नहीं लगाये गये। आज प्रेम प्रसंग के मामले के कारण ही पत्नी स्वयं जहर खा ली है। अब देखना यह है कि पुलिस की जांच में क्या निकलकर सामने आता है और आरोपियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि कांड संख्या 69/25 दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बिहार में पहली बार नैक कार्यशाला का आयोजन, मगध विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक कदम

### कुलपति प्रो. एस.पी. शाही के नेतृत्व में अब तक 250 से अधिक सेमिनार सफलतापूर्वक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 2 जून 2025 को 'प्रस्तावित बाइनरी प्रत्यायन ढांचे के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों का नैक प्रत्यायन' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला 3 जून तक बोधि रिसॉर्ट, बोधगया में आयोजित की जा रही है जिसमें विश्वविद्यालय के घटक एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं आईक्यूएसी सदस्य बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन पारंपरिक दीप प्रज्वलन और कुलगीत प्रस्तुति के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के अपर




मुख्य सचिव (शिक्षा) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने की। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज की प्रो. अंशु उपस्थित रहीं। कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि मगध विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों में 250 से अधिक सेमिनार और 100 से अधिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से लंबित एक्यूआर को विश्वविद्यालय ने नए शिक्षकों के सहयोग से अपलोड किया है तथा एसएसआर की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मुख्य अतिथि डॉ. सिद्धार्थ ने बिहार की प्राचीन शैक्षणिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार ज्ञान और दर्शन की भूमि है जहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय रहे हैं। मगध विश्वविद्यालय को उस विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा में नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शोध, समयबद्ध शैक्षणिक सत्र और मजबूत अकादमिक आधारशिला को विश्वविद्यालय की पहचान बताया और संकेत दिया कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शैक्षणिक करारों के लिए प्रोत्साहित करेगी। कार्यशाला में प्रो. नूपुर बोस (एएन कॉलेज, पटना), प्रो. अजय कुमार, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार (केएमसी, नई दिल्ली), प्रो. बिपिन कुमार (कुलसचिव, मगध विश्वविद्यालय) और आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार सहित अनेक शिक्षाविदों ने भाग लिया। वक्ताओं ने नैक के नए बाइनरी फ्रेमवर्क, एसएसआर दस्तावेजीकरण, बौद्धिक संपदा अधिकार, छात्र अधिगम परिणाम और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन की अद्यतन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और गुणवत्तापूर्ण, नवोन्मेषी एवं समावेशी शिक्षा प्रणाली की ओर उन्मुख करना है। मगध विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल बिहार में उच्च शिक्षा की दिशा बदलने का संकेत है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में उभरने की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

## 10 वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले की पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 10 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली नवीन कुमार उर्फ नवीन जी उर्फ विनोद पासवान उर्फ विनोद राम उर्फ रवि यादव को बांकेबाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत नगर पुलिस अधीक्षक एवं सहायक पुलिस अधीक्षक-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम में बांकेबाजार थाना के पुलिसकर्मियों एवं एसएसबी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। यह जानकारी शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली पर वर्ष 2014 से कई संगीन आरोप दर्ज थे। उस पर बांकेबाजार थाना कांड संख्या 18/14, विस्फोटक अधिनियम एवं यूएपीए एक्ट की धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। वर्ष 2014 में ही उस पर यूएपीए एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त के रूप में संलिप्तता पाई गई थी। पुलिस ने बताया कि पूर्व में इस कांड में संलिप्त दो नक्सलियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वहीं अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापामारी अभियान जारी है।

## 14 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित 40 ट्राई साइकिल का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** अरवल जिले में समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए 14 दिव्यांग जनों को बैटरी 40 ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने सभी दिव्यांगजनों को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्राई साइकिल का वितरण वैसे दिव्यांग जनों को किया गया है जिन्हें 60% से अधिक दिव्यांगता हो और कार्य स्थल उनके घर से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हो। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन सभी को हेलमेट भी दिया गया। इस अवसर पर सहायक निर्देशक जिला समाज कल्याण और जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज, आरोपित गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत चबूरा पंचायत के एक गांव में सोमवार को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में एक युवक को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर काबर पंचायत के एक गांव के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी युवक पर आरोप है कि उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए जब पीड़िता ने उससे शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोंच थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कांड संख्या 68/25 दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया।

## फरार दो वारंटी गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** थाने के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चेरकीडीह गांव से फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि फरार चल रहे वारंटी बच्चन प्रजापति एवं छोटन प्रजापति के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया जिसे गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## छात्र ने जेइइ एडवांस में ओबीसी रैंक 8001 प्राप्त किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के कंचनपुर गांव के एक होनहार छात्र ने जेइइ एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओबीसी श्रेणी में 8001वीं रैंक हासिल की है। राहुल राज के माता रजनी कुमारी और पिता मनोज कुमार दोनों शिक्षक हैं। इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है और छात्र के परिवार और शिक्षकों ने उसकी इस सफलता पर बधाई दी है। छात्र ने अपनी मेहनत और लगन से कोटा में रहकर इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। वह आगे चलकर कंप्यूटर साइंस में अपनी पढ़ाई करना चाहता है और अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार है। छात्र की इस उपलब्धि से इलाके के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है और वे भी अपनी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए हैं।

## मनरेगा कार्यालय में नए पीओ ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** मनरेगा कार्यालय कोंच में नए पीओ मिथिलेश कुमार ने पदभार सोमवार को संभाल लिया है और उन्होंने अपने कार्यों की शुरुआत की है। पदभार संभालने के बाद पीओ ने मुखिया के साथ दोपहर दो बजे बैठक की जिसमें उन्होंने विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की और उनके क्रियान्वयन के बारे में विचार-विमर्श किया। बैठक में पीओ ने मनरेगा योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुखिया के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। पीओ ने कहा कि मनरेगा योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना और बुनियादी सुविधाओं को विकसित करना है। मुखिया ने पीओ का स्वागत किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वे मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में दोनों ने मिलकर ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर चर्चा की।

## इमामगंज में खुला हम पार्टी का कार्यालय, मंत्री ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पसेवा ब्लॉक रोड में हम पार्टी का कार्यालय खोला गया है जिसका उद्घाटन हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने फीता काट कर देवी-देवताओं का पूजा अर्चना के साथ किया। वहीं कार्यालय खोलने का उद्देश्य के संबंध में उन्होंने बताया कि इमामगंज में जो कार्यालय खुला है, यहां कम्पयूटर मोबाइल से लैस कार्यालय होगी जहां प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता बैठेंगे तथा सप्ताह में एक दिन मैं और एक दिन स्थानीय विधायक दीपा मांझी भी बैठकर कर लोगों की समस्या को सुनेंगे तथा हर संभव निदान करने का कार्य करेंगे। कार्यालय प्रखंड में ही होने से यहां के लोग अपनी समस्या को यहां ला सकते हैं जो सीधे हमलोगों तक पहुंचेगी।


**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन सं.- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/05 दिनांक- 02.06.2025

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2025**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2025**

**परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/04 दिनांक- 01.06.2025 के क्रम में सर्व साधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / केन्द्राधीक्षकों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से पटना जोन के पूर्व निर्धारित 2 (दो) परीक्षा केन्द्रों को परिवतित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है;

| परीक्षा केन्द्र कोड | एडमिट कार्ड पर अंकित पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र | परीक्षा केन्द्र कोड | नया परीक्षा केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 110 | Mahanth Hanuman Sharan SR Secondary School, Rajapur, Main Pura, Patna | 110 | Bapu Pariksha Parisar (Block-A) 1st Floor, Kumhrar, Patna |
| 126 | Govt. Girls SR Secondary School, Near Chitkohra over Bridge, Gardanibagh, Patna | 126 | Bapu Pariksha Parisar (Block-A) Ground Floor, Kumhrar, Patna |

2. BCECE-2025 की पूर्व निर्धारित परीक्षा की तिथि दिनांक 07.06.2025 एवं 08.06.2025 के लिए निर्गत Admit Card रद्द किया जाता है। पुनर्निर्धारित तिथि क्रमशः **दिनांक 08.06.2025 एवं 09.06.2025 के लिए Revised Admit Card दिनांक 04.06.2025 से निर्गत किया जायेगा, जिसे अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त करेंगे और निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होंगे;**

(i) Uploading of Fresh Online Admit Card : **04.06.2025**
(ii) (a) Re-Scheduled Date of BCECE[P/C/M/B] Exam. : **08.06.2025**
(b) Re-Scheduled Date of BCECE[Agri.] Exam. : **09.06.2025**

**परीक्षा नियंत्रक**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।**

पत्रांक........................./मेदिनीनगर, पलामू, दिनांक .........................

**अति अल्पकालिन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**-शुद्धि पत्र-**

ई.0 निविदा संख्या EE/RDSD/Palamau/F2-01/2025-26 निविदा प्रकाशन किया गया है, जिसका PR No. 353887 है। वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि भूलवश दिनांक 06.06.2026 हो गया है, जो दिनांक 06.06.2026 के बदले दिनांक 06.06.2025 पढ़ा जाय।

अन्य शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू

PR.NO.354038 District(25-26):D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

**ई- संख्या- DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 762/जि0अ0, दिनांक 28.05.2025 के माध्यम से निर्गत द्वारा निर्गत ई-निविदा आमंत्रण सूचना ई-संख्या- DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 के Group No-03 की योजना "ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण" (NIT Reference No/- NIT-04/2025-26/ Gr-03) जिसका PR No.- 353837 है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। NIT के निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/-
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 354099 District(25-26)D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 02/2025-26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 11.06.2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 12.06.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 12.06.2025 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी:-

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road from main road Vaya house of Lalit Ram to house of Pradip Ram in ward no 03 | 975200 | 5000 | 19600 | 30 Days |
| 02 | 04 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road from Ramlal Ram house to Chandradev Ram house & Sanjay Ram house to Bodhan Ram house, at ward no 04 Under NPM | 517800 | 5000 | 10500 | 30 Days |
| 03 | 06 | शहरी परिवहन मद | Repairing of PCC road from Pull to Purushottam Kirana dukan at ward no 06, Nagar Panchayat Manjhiaon | 520800 | 5000 | 10500 | 30 Days |
| 04 | 04 | नागरिक सुविधा मद | Construction Of RCC drain with Slab from house of Rajendra Tiwary to House of Anil Pathak ward no 04 Under NPM. | 507000 | 5000 | 10200 | 30 Days |
| 05 | 07 | नागरिक सुविधा मद | Construction of RCC drain with Slab house of Naresh Ram (Handpump) to house of Sanjay Ram, At ward no 07 under Nagar Panchayat Manjhiaon. | 951818 | 5000 | 19100 | 30 Days |
| 06 | 07 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 07 from Mashudan Vishwkarma to high mast light (Transformer) (via Bharat Chaudhary house) | 939655 | 5000 | 18800 | 30 Days |
| 07 | 09 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 09 from main road to Sanjay Pandey house | 671963 | 5000 | 13500 | 30 Days |
| 08 | 11 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 11 from Sitaram Chaudhary house to Ranjan Chaudhary house (via Chalitra Chaudhary) | 677191 | 5000 | 13600 | 30 Days |

**नोट** :- विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 354091 (Urban Development) 25-26 (D)

संपादकीय

## नालों की सफाई या फिर हाथ की सफाई !

इस साल मुंबई में मानसून की पहली ही बरसात में हाहाकार मच गया. बताया गया कि 107 साल बाद शहर में इतनी भारी वर्षा हुई, जिससे अनेक क्षेत्र जलमग्न हो गए. जब बिगड़ी परिस्थिति पर आवाज उठी तो स्पष्टीकरण यह दिया गया कि तैयारियां पूरी होने से पहले मानसून आ गया. आश्चर्यजनक है कि मई माह के दूसरे पखवाड़े में मानसून पूर्व बरसात आरंभ होती है, जो अधिक-कम हो सकती है. इसलिए नालों की सफाई के लिए मई माह का पूरा समय लिया जाना व्यवस्था में खामी उजागर करता है. वैसे मुंबई महानगर उदाहरण मात्र के लिए बारिश से बिगड़ी स्थिति बयां करता है. जिसकी वजह देश का प्रमुख वाणिज्यिक स्थल के साथ राज्य की राजधानी होने से गतिविधियों का केंद्र होना प्रमुख कारण है. किंतु मुंबई के अलावा पुणे, नागपुर, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर का भी बरसात के दौरान हाल देखा जाए तो वह समान ही रहता है. बड़े शहरों से आगे छोटे कस्बों का हाल और भी बुरा दिखता है, जिनकी कोई सुनवाई नहीं होती है. निचली बस्तियों में रहने वाले जान-माल का नुकसान उठाते रहते हैं. बरसात के पानी को नियंत्रित करने के नाम पर स्थानीय निकायों की मानसून पूर्व तैयारी की औपचारिकता का असली चेहरा विधिवत-परंपरागत भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जो दिल्ली-मुंबई से लेकर देश के हर शहर में दिखता है. वह नगर पालिकाओं से लेकर नगर परिषद, ग्राम पंचायतों तक फैले सफाई के ढकोसले की पोल खोलता है. पिछले दिनों मानसून की आहट से पहले नाला सफाई कार्यों की जमीनी सच्चाई को मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने उजागर किया. उन्होंने जितनी बातों को सामने रखा, उतनी हकीकत की परतें किसी विपक्ष के नेता नहीं, बल्कि स्वयं सत्ता पक्ष के मंत्री ने खोलीं. उन्होंने अपने सांताक्रूज-पश्चिम के निरीक्षण दौरे में कई जगहों पर नालों की सफाई का काम मात्र 10 प्रतिशत और कुछ स्थानों पर 30-50 प्रतिशत तक देखा. यानी मानसून पूर्व की तैयारी के प्रचार जितना काम कहीं नहीं दिखा. आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने वर्ष 2025-26 के बजट में 'सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' के लिए 5,545 करोड़ रुपए का प्रावधान किया. दूसरी ओर वर्ष 2024 में नालों की सफाई पर 249.27 करोड़ रुपए और वर्ष 2025 में 395 करोड़ रुपए खर्च हुए, मगर हालात नहीं बदले. मुंबई में पानी की निकासी का महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि सारे नालों का पानी समुद्र में डाला जाता है. यदि उनकी समय पर सफाई नहीं हुई तो जलभराव की स्थिति स्वाभाविक है. यदि सफाई के लिए करोड़ों रुपए के ठेके दिए जा रहे हैं और वास्तविक रूप में नाले कचरे से भरे दिखते हैं तो इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि बीएमसी का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है. गत वर्ष मानसून के महीनों को याद किया जाए तो पुणे की अनेक सोसाइटियां पानी में डूबी थीं. वाहन तैरते बहे थे. कोल्हापुर में बाढ़ से स्थिति खराब थी. नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर के अनेक क्षेत्र पानी से भर गए थे और वहां रहने वालों ने काफी दिक्कतें उठाई थीं. बरसात में नासिक हो या सोलापुर या अहिल्यानगर या फिर जलगांव, अकोला और अमरावती, सभी शहरों में निचली बस्तियां पानी के अनियंत्रित बहाव का शिकार बनती हैं, जिसका सीधा कारण जल निकासी के रास्तों का अवरुद्ध होना होता है. सभी बड़े शहरों में नगर पालिकाएं नालों की साफ-सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट प्रावधान करती हैं और समय आने पर उनके आधार पर भुगतान करती हैं. मगर सारी कार्रवाई कागजों पर ही दिखाई देती है. बरसात से समस्या खड़ी होने पर विपक्ष के नेता सत्ताधारियों और अधिकारियों पर आरोप लगाते हैं, लेकिन सत्तांतरण पर स्थितियां जस की तस बनी रहती हैं. मुंबई समेत अनेक शहरों में बरसात बाद के हालात किसी वर्ष विशेष का चित्र नहीं बनते, बल्कि साल दर साल से चली आ रही समस्या का पुनर्स्मरण कराते हैं.

# ट्रंप व मस्क के बीच बढ़ती दूरियां के मायने...

**मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के स्वप्नद्रष्टा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क के बीच उपजा मनमुटाव देश-दुनिया के पूंजीवादी लोकतांत्रिक सियासत और प्रशासन के लिए शोध का विषय है। क्योंकि इसका असर न केवल अमेरिका के लोगों बल्कि पूरी दुनिया के मनोमस्तिष्क पर पड़ना लाजिमी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप व एलन मस्क के बीच बढ़ती दूरियों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मायने आईने की तरह साफ हैं! जिसे समझने की जरूरत है, क्योंकि ट्रंप दुनिया के थानेदार समझे जाते हैं।**

कमलेश पांडे

हालांकि, इनके बीच की दरकती हुई दोस्ती से वह भारतीय कहावत पुनः चरितार्थ हुई है जिसमें अक्सर नेताओं संग दोस्ती की तुलना वैश्या संग प्रेम से की जाती है, यानी कि क्षणभंगुर समझा जाता है। समझा जाता है कि वेश्यागामी की संपत्ति लूट जाने के बाद या वेश्याओं के जीवन में किसी अन्य धनाढ्य व्यक्ति के प्रवेश पा लेने के पश्चात उसका पहले वाला प्रेम जिस प्रकार से समाप्त हो जाता है। कुछ वैसा ही हश्र नेताओं के साथ यारी-दोस्ती रखने वाले व्यक्तियों/कार्यकर्ताओं का होता है, क्योंकि जब वह किसी नेता के लिए व्यक्ति प्रबंधन, बूथ प्रबंधन या कार्यदक्षता प्रबंधन के लायक नहीं रह जाता है तो फिर नेता भी उससे मुख मोड़ लेता है। उसके कोई काम नहीं करता और न ही आगे बढ़ने देता है। मेरा मानना है कि ट्रम्प की शातिर सियासी टीम ने उद्योगपति ऐलन मस्क के साथ भी कुछ वैसा ही किया होगा, जैसा कि आमतौर भारतीय राजनीति में नेताओं के शागिर्द गुल खिलाते रहते हैं।

आपको बता दें कि नेताओं के शागिर्द में देशी-विदेशी बड़े-बड़े नेता, अधिकारी, उद्योगपति, सामाजिक हस्तियां, चर्चित सेलिब्रिटी, पत्रकार, अधिवक्ता, अपने-अपने पेशे के सफल पेशेवर आदि होते हैं, जिनके बीच एक दूसरे की उड़ती पतंग काटने की होड़ मची रहती है। इसलिए समझदार लोग नेताओं से याराना या नेताईन से यारी रखने के दौरान बेहद चौकन्ने रहते हैं। यही वजह है कि स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) यानी खर्च कटौती विभाग से अलग होने का एलान किया है।

दरअसल, 29 मई 2025 दिन गुरुवार को मस्क ने एक्स पर लिखा, विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा तय समय पूरा होने पर, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फालतू खर्च को कम करने का मौका दिया। उल्लेखनीय है कि उन्हें स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई का दर्जा मिला था जिसके तहत हर साल 130 दिनों तक उन्हें संघीय नौकरी में रहने की इजाज़त थी। इस साल 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण से जोड़ा जाये तो वैसे भी उनके कार्यकाल की सीमा 31 मई 2025 के अंत में ख़त्म होने



वाली थी।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि मस्क का सरकार से बाहर निकलना दरअसल ट्रंप के बजट से निराशा जताने के बाद हुआ, जिसमें मल्टी-ट्रिलियन डॉलर की टैक्स छूट और रक्षा खर्च को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव मौजूद हैं। जहां ट्रंप ने अपने बजट बिल को बड़ा और सुंदर बताया था, वहीं मस्क ने इस बिल की आलोचना की थी। जबकि यह बिल राष्ट्रपति ट्रंप के एजेंडे का अहम हिस्सा है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) से मस्क के स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई दर्जे को ख़त्म कर दिया जाएगा। लेकिन मस्क का बाहर होना सिर्फ ट्रंप सरकार में एक बड़े उलट फेर को ही नहीं दर्शाता है, बल्कि कुछ आगे की रणनीतिक विफलता की भी चुगली करता है, क्योंकि मस्क रिपब्लिकन पार्टी के सबसे बड़े डोनर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क़रीब 25 करोड़ डॉलर का चंदा दिया था। समझा जाता है कि इतने बड़े डोनेशन के बाद उनके और ट्रंप के बीच नज़दीकियां बढ़ गई थीं। हालांकि इस दौरान उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुनाफ़े में भारी गिरावट देखी गई। वहीं, टेस्ला ने हाल ही में निवेशकों को चेतावनी दी थी कि वित्तीय मुश्किलें जारी रह सकती हैं। कंपनी ने ग्रोथ का पूर्वानुमान देने से इनकार करते हुए कहा कि राजनीतिक सेंटिमेंट में बदलाव, वाहनों की मांग को काफ़ी हद तक नुक़सान पहुंचा सकती है। लिहाजा मस्क ने पिछले महीने निवेशकों से कहा था कि डीओजीई में उनकी व्यस्तता काफ़ी कम हो जाएगी और वह टेस्ला को अधिक समय दे पाएंगे। दरअसल, सरकारी भूमिका निभाने से मस्क की कंपनियों, खासकर टेस्ला पर नकारात्मक असर पड़ा है। टेस्ला का मुनाफा 71 प्रतिशत तक गिरा है। मस्क की व्यावसायिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन को लेकर उनके निवेशकों में भी चिंता होने लगी थी।

राजनीतिक व प्रशासनिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन में एक अहम पद पर रहते हुए एलन मस्क कई बार विवादों में भी घिरे रहे, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति की देशी साख तक प्रभावित हुई और विदेशों में भी उनकी आलोचना हुई। इसलिए आइए एक नज़र डालते हैं उन चुनिंदे विवादों पर जिससे मस्क को इस नौबत तक पहुंचना पड़ा।

पहला, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बजट की आलोचना उन्हें नहीं करनी चाहिए थी, क्योंकि वह उनके बेहद करीब थे। यही वजह है कि बजट बिल की आलोचना के बाद एलन मस्क और ट्रंप के बीच दूरियां बढ़ने लगी थीं। ट्रंप ने बजट विधेयक पेश किया था जिसे बहुत कम अंतर के साथ पिछले हफ़्ते यूएस हाउस ऑफ़ रेप्रेज़ेंटेटिव्स ने पास किया। अब यह बिल सीनेट के पास जाएगा। जबकि मस्क ने एक मीडिया साक्षात्कार में कहा था कि इस बिल से संघीय घाटा बढ़ेगा और ये बिल डीओजीई में किए जा रहे कामों को कमज़ोर करता है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ट्रंप की योजना बजट घाटे को कम करने की जगह बढ़ाएगी।

लेकिन इस बजट बिल को ट्रंप ने बड़ा और सुंदर बताया था, इस पर मस्क ने कहा, यह बिल बड़ा या सुंदर हो सकता है? मुझे नहीं पता कि ये दोनों हो सकता है। गौरतलब है कि इस बिल में चार ट्रिलियन डॉलर के कर्ज की सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिसका मतलब है कि अपने खर्चों के लिए सरकार अधिक कर्ज ले सकती है। लिहाजा उनके इस बयान के बाद से ही लगने लगा था कि ट्रंप प्रशासन और एलन मस्क के बीच दूरियां बढ़ने लगी हैं।

दूसरा, अमेरिका के राष्ट्रपति की कैबिनेट बैठकों में जो नोकझोंक उनके चलते हुए, उससे भी मस्क का प्रभाव कम किया गया। बता दें कि बैठक के दौरान ही खर्च कटौती को लेकर एलन मस्क और ट्रंप सरकार के कुछ मंत्रियों के बीच मतभेद तीखे हो गए थे। बताया जाता है कि मार्च 2025 की शुरुआत में सरकारी खर्च और कर्मचारियों की संख्या में कटौती के एलन मस्क के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए कैबिनेट मंत्रियों की एक बैठक बुलाई गई थी। लिहाजा, इस बैठक के दौरान मस्क व नेताओं में तीखी नोकझोंक हुई और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की आलोचना करते हुए मस्क ने कहा कि वो टीवी पर ही अच्छे दिखते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मस्क ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर विदेश विभाग में पर्याप्त स्टाफ़ की कटौती करने में विफल रहने का आरोप लगाया। वहीं, एलन मस्क की इस दौरान परिवहन मंत्री सीन डफ़ी के साथ भी बहस हुई क्योंकि डीओजीई ने फ़ेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन में ट्रैफ़िक कंट्रोलर्स की संख्या कम करने की कोशिश की, जबकि उनकी संख्या पहले से ही कम है। समझा जाता है कि ये बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि ट्रंप को बीच-बचाव करना पड़ा और डीओजीआई की शक्तियों को परिभाषित करना पड़ा। तब ट्रंप ने कहा था कि वो अब भी डीओजीई का समर्थन करते हैं, लेकिन अब से फ़ैसला लेने का काम मंत्रियों के पास ही होगा और मस्क की टीम का काम सिर्फ़ सलाह देना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये बैठक बहुत जल्दबाज़ी में बुलाई गई थी और ट्रंप के हस्तक्षेप को इस बात का संकेत माना गया कि राष्ट्रपति ने एलन मस्क को मिली व्यापक शक्तियों को कम करने का निर्णय लिया। शायद यही बात एलन मस्क को नागवार गुजरी थी और है।

तीसरा, डीओजीई बनते ही विवेक रामास्वामी जिस तरह से बाहर हुए, उसका भी यह साइड इफेक्ट्स समझा जाता है। क्योंकि ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद विवेक रामास्वामी को एलन मस्क के साथ डीओजीई की ज़िम्मेदारी दी थी। लेकिन ट्रंप ने डीओजीई के गठन का एलान करते हुए इसकी ज़िम्मेदारी टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क के साथ विवेक रामास्वामी को दी थी। तब ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को देशभक्त अमेरिकी बताया था। लेकिन डीओजीई ने पहला फ़ैसला खुद को लेकर किया और कहा गया कि डीओजीई को केवल मस्क देखेंगे और विवेक रामास्वामी इससे बाहर हो गए।

अध्यात्म

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है



एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। निर्णय करने से पहले धर्मराज ने दोनों से कहा- मैं अपना निर्णय तो सुनाउंगा लेकिन यदि तुम दोनों अपने बारे में कुछ कहना चाहते हो तो मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो।डाकू ने हमेशा हिंसक कर्म ही किए थे उसे इसका पछतावा भी हो रहा था अतः, अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज- मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराज- मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला सदैव सत्कर्म ही किए इसलिए आप कृपा कर मेरे लिए स्वर्ग के सुख-साधनों का शीघ्र प्रबंध करें। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो। उसी तपस्या में फल है, जो अहंकार रहित होकर की जाए अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है और यही भविष्य में ईश्वर प्राप्ति का आधार बनता है झूठे दिखावे तप नहीं हैं, ऐसे लोगों की गति वही होगी जो साधु की हुई।

# शोर से न केवल प्राइवेसी भंग होती है, बल्कि व्यवधान भी होता है

**अत्यधिक शोर एकाग्रता को भंग करता है और उससे स्नायु संबंधी दिक्कतें भी होती हैं। आमतौर पर मध्यमवर्गीय परिवार में बैठकखाना या खाने के कक्ष इतने बड़े नहीं होते, इसलिए टीवी कार्यक्रमों या फिल्मों की पृष्ठभूमि में बजने वाले संगीत में अत्यधिक शोर का हंगामा मचता रहता है, फिर भले ही कोई घर में बीमार व्यक्ति हो या अध्ययनशील विद्यार्थी। 'ध्वनि प्रदूषण- एक आधुनिक अभिशाप' किताब के लेखक लिजा और लुईस हैगलर लिखते हैं कि पचासी डेसीबल से अधिक का शोर या ध्वनि प्रदूषण असहनीय है। लंबे समय तक अगर कोई इतनी उच्च ध्वनि के संपर्क में रहता है तो उसे स्थायी बहरापन दे सकता है। हृदय रोग, अनिंद्रा की समस्याएं हो सकती हैं। कई लोगों के कान में टिनिटस की बीमारी हो जाती है। यानी कानों में स्थायी रूप से सीटी बजना। यह भी लगातार अधिक शोर या ध्वनि प्रदूषण के कारण है।**

अतुल चतुर्वेदी

हमारा देश शोर बाहुल्य है। यहां जो जितना शोर मचा सकता है उसे उतना ही बलशाली और प्रभावी व्यक्ति समझा जाता है। शोर की एक अलग संस्कृति धीरे-धीरे विकसित होती जा रही है। धार्मिक उत्सवों में चाहे वे किसी भी धर्म के हों, लाउडस्पीकर लगाकर और जगह-जगह चौराहों पर पंडाल लगाकर तेज संगीत या भाषण आदि घोर धार्मिक और समर्पित होने का प्रतीक माना जाने लगा है। कोई मेला, उत्सव या मांगलिक उत्सव ऐसा नहीं होता, जहां फिल्मी गीतों की तेज धुन और कानफोड़ू संगीत न हो। विवाह समारोह का आयोजन मिलने-जुलने और पारस्परिक संवाद के लिए भी होता है, लेकिन संगीत की तेज ध्वनि के चलते आपसी हालचाल पूछना भी मुश्किल हो जाता है। त्योहारों के दौरान ऊंची ध्वनि वाली भजन संध्या और राजनीतिक, सामाजिक आयोजन में शोर को शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

हमारे यहां सामान्य मान्यता है कि जो जोर से बोलता है, उसकी बात सुनी जाती है। बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के चलते भी मशीनों का शोर, ऊंची-ऊंची बहुमंजिला इमारतों के निर्माण कार्य का शोर आसपास के निवासियों का जीवन बदहाल कर देता है। सड़क यातायात में वाहनों के हार्न का बेजा प्रयोग आम बात है। यातायात संकेत, जाम की स्थिति में अत्यधिक शोर के उदाहरण देखने को मिलते हैं। चुनावी रैलियों, भाषणों, जुलूसों और नारे लगाते समय काफी ध्वनि प्रदूषण होता है, लेकिन कोई भी राजनीतिक दल इस दिशा में पहल करता हुआ दिखाई नहीं देता है। बल्कि बड़ी से बड़ी जनसभा करने की होड़ मची रहती है।

हमारे यहां शोर को शक्ति और प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है। ट्रेन, बस, माल में यहां तक कि अस्पताल में भी लोग मोबाइल पर जोर-जोर से बातें करते रहते हैं। इससे न केवल निजता भंग होती है, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी व्यवधान उत्पन्न होता है। कार्यालयों और स्कूलों, अस्पताल में भी लोग उच्च स्वर में मोबाइल पर बातें करते रहते हैं जो शिष्टाचार के विरुद्ध है। जबकि हकीकत यह है कि मोबाइल पर ऊंची आवाज में बोला जाए या फिर सामान्य स्वर में, बात दूसरी ओर उतनी ही तीव्रता के साथ पहुंचेगी, जितनी कि जरूरत है। विडंबना यह है कि इससे न केवल सेहत को होने वाले नुकसान, बल्कि हमारी आदत के बिगड़ने की फिक्र हमें नहीं होती। नतीजा यह होता है कि हमारी आदतों में घुली शोर की संस्कृति हमारे व्यक्तित्व तक को बुरी तरह प्रभावित करने लगता है।

दूसरी ओर, अत्यधिक शोर एकाग्रता को भंग करता है और उससे स्नायु संबंधी दिक्कतें भी होती हैं। आमतौर पर मध्यमवर्गीय परिवार में बैठकखाना या खाने के कक्ष इतने बड़े नहीं होते, इसलिए टीवी कार्यक्रमों या फिल्मों की पृष्ठभूमि में बजने वाले संगीत में अत्यधिक शोर का हंगामा मचता रहता है, फिर भले ही कोई घर में बीमार



व्यक्ति हो या अध्ययनशील विद्यार्थी। 'ध्वनि प्रदूषण- एक आधुनिक अभिशाप' किताब के लेखक लिजा और लुईस हैगलर लिखते हैं कि पचासी डेसीबल से अधिक का शोर या ध्वनि प्रदूषण असहनीय है। लंबे समय तक अगर कोई इतनी उच्च ध्वनि के संपर्क में रहता है तो उसे स्थायी बहरापन दे सकता है। हृदय रोग, अनिंद्रा की समस्याएं हो सकती हैं। कई लोगों के कान में टिनिटस की बीमारी हो जाती है। यानी कानों में स्थायी रूप से सीटी बजना। यह भी लगातार अधिक शोर या ध्वनि प्रदूषण के कारण है।

सामान्य और स्वस्थ मानव के लिए पैंतालीस डेसीबल से अधिक का शोर असहनीय और खतरनाक है। इससे अधिक का शोर मस्तिष्क पर प्रभाव डालता है और निर्णय क्षमता, उच्च रक्तचाप, माइग्रेन, गर्भवती के भ्रूण पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण से बचना चाहिए, लेकिन इस तरह के कोई प्रयास सामान्यतः जन जीवन में दिखाई नहीं देते। न नागरिक जागरूक हैं, न सरकारें और न समाज। विवाह समारोह में रात्रि दस बजे तक लाउडस्पीकर या डीजे आदि चलाने की आज्ञा है, लेकिन शहरों की सीमाओं के बाहर ग्रामीण अंचल में इसका कोई पालन नहीं होता दिखता है। उल्टे ऐसी खबरें आम हैं कि अगर किसी व्यक्ति ने ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर या डीजे न बजाने का आग्रह किया, तो जश्न मनाने वाले लोगों ने उसके साथ हिंसक व्यवहार किया।

धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों पर तो प्रशासन और पुलिस भी हाथ डालने से कतराती हैं। ध्वनि प्रदूषण नियम के तहत सुबह छह से रात दस बजे तक का ही प्रतिबंध है। इसे सामान्य जीवन का हिस्सा मान अनदेखा कर दिया जाता है। लोगों में जागरूकता की भारी कमी है। विदेशों में आम नागरिक बहुत धीमे बात करते हैं। सफर के दौरान मात्र लिखित संदेश से काम चलाते हैं। शोर की संस्कृति वहां आमतौर पर नहीं दिखती है, लेकिन हमारे यहां बिना शोर मचाए न सरकारें सुनती हैं, न नौकरशाह और न जनमानस। कई देशों में अनावश्यक हार्न बजाने पर जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन हमारे यहां लोग तरह तरह के कानफोड़ू हार्न लगाए बेखटके घूमते नजर आ जाएंगे। कई बार तो बिना किसी वजह के भी लोग गाड़ियों के हार्न बजाते हुए चलते हैं, ताकि उन्हें रास्ता साफ मिले। जबकि कई बार रास्ता खाली भी होता है। उन्हें यह अंदाजा भी नहीं होता कि उनके इस शौक की वजह से कैसी समस्या पैदा होती है। दरअसल, सरकारी नीतियों के सख्त क्रियान्वयन की ही नहीं, सामाजिक जागरूकता अभियानों की भी महती जरूरत है। तकनीक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के सम्मिलित प्रयासों से ही कुछ चेतना और बदलाव लाया जा सकता है। छोटे-छोटे बच्चे दिन भर वीडियो और कार्टून चैनल चलाकर बचपन से ही कान खराब कर रहे हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पर्यटन के लिये जा सकते हैं। स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ**
आप नया वाहन खरीद सकते हैं। आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। सहयोगी आपकी काफी मदद करेंगे।

**मिथुन**
आज आपको सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। भाई-बहनों के साथ झगड़े हो सकते हैं। जीवनसाथी के लिये समय अवश्य निकालें।

**कर्क**
जीवनसाथी पर धन खर्च करेंगे। परिवार में वर्चस्व मजबूत होगा। व्यापार में आपको जबरदस्त धन लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
करियर को लेकर आप कुछ विशेष योजना बना सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में अनबन हो सकती है।

**कन्या**
अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे विकसित करने का प्रयास करें। भविष्य की योजनाओं के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा।

**तुला**
अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। वाणी में नम्रता बनाये रखें। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृश्चिक**
व्यापारिक अनुबन्धों में सावधानी रखें। गले में इन्फेक्शन और जलन की समस्या हो सकती है। कारोबार में अपेक्षाकृत धीमापन रहेगा।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको कोई अवार्ड भी प्राप्त हो सकता है। सन्तान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने की सम्भावना है।

**मकर**
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको सुखद समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
रोजगार में बाधा आ सकती है। आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। अपरिचित लोगों पर अन्धविश्वास करना उचित नहीं है। मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है।

**मीन**
आज आप नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की सम्भावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं।

# मछुआरों के बीच होगा किट का वितरण

## खरीदारों को मिलेंगी ताजी मछलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार सरकार राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए ढेर सारी योजनाएं संचालित करनी शुरू कर दी है। इस नए वित्तीय वर्ष में कई योजनाएं लन्च कर दी गई हैं। इनमें से कुछ योजनाओं का जुड़ाव बेगूसराय जिले से भी है। इसी कड़ी में एक योजना है मछुआरा कल्याण योजना। इस योजना के तहत बेगूसराय में मत्स्य विपणन कीट मुफ्त में बांटे जाएंगे। जिससे जिले में ग्राहकों तक स्वच्छ और ताजी मछली पहुंचेगी। बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के तहत अनोखी शुरूआत की है। राज्य सरकार की इस योजना का फायदा मछली खाने वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। अब उन्हें पूरी तरह से हाइजीनिक मछली उपलब्ध होगा। जिसे खाना सेहतमंद रहेगा। मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना से बेगूसराय जिले को पहली बार जोड़ा गया है। सड़क किनारे, चौक-चौराहों, बाजार या हाट में मछली बेचने वालों को मुफ्त में मत्स्य विपणन की दिया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया बेगूसराय जिले के 85 मत्स्य विक्रेताओं को योजना का लाभ किया जाएगा। इन्होंने आगे बताया कल 17 हजार लगात मूल्य के 19 उपकरण दिए जाएंगे। जैसे जाल , आईस बक्स, तराजू, बटखारा सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी उपकरणों को बिना किसी शुल्क के मुफ्त में यानी 100 फीसदी अनुदान पर दिया जाएगा। जिले के मत्स्य विपणन से जुड़े 85 व्यक्तियों को योजना का लाभ फिलहाल देने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ यूपी का किशोर निरूद्ध

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा बाजार से 16 वर्षीय किशोर को एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ सोमवार अहले सुबह पुलिस ने निरूद्ध किया है। निरूद्ध किया गया आरोपित उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत रेवती थाना क्षेत्र के बघमरियां गांव निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक हरवे हथियार के साथ सोहरा बाजार में घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस तत्काल वहां पहुचीं। पुलिस को देख किशोर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर खदेड़कर उसे पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली जाने लगी, तो उसके कमर से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि किशोर बालक को बाल सुधार गृह पटना भेज दिया गया।

# हर्ल में कार्यरत इंजीनियर की संदेहास्पद मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (हर्ल) में कार्यरत केमिकल इंजीनियर का शव सोमवार को प्लांट के अंदर संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया। मृतक के परिजन घटना की सूचना पाकर मंगलवार की सुबह हारल पहुंचे। मृतक की पहचान नालंदा जिला के बिहारशरीफ स्थित सोहसराय निवासी स्व रूदल प्रसाद के पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है। नवीन मई माह से हर्ल खाद कारखाना में काम कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई राहुल एवं राजकुमार ने बताया कि हर्ल प्रबंधन ने मेरे भाई की मौत की सूचना तक नहीं दी। मृतक के दोस्त से घटना की सूचना मिलते ही हमलोग देर शाम पहुंचे तो प्रबंधन द्वारा सभी को बाहर निकलवा दिया गया। परिजनों

## परिजनों ने प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की नवीन पहले जेपी खाद कारखाना में काम करते थे। एक महीना पहले बरौनी हर्ल खाद कारखाना में केमिकल इंजीनियर के पद पर काम करने आए थे। हम लोग आए तो तीन चार लोगों को ही खाद कारखाना के अंदर एंट्री करने दिया गया। बताया गया कि अमोनिया प्लांट के समीप मौत हुई है। हम लोगों ने पूछताछ करने का प्रयास किया तो सभी को बाहर निकलवा दिया गया। मौत कैसे हुई यह किसी ने नहीं बताया। खाद कारखाना के एचआर मनीष कुमार सहित कई पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन कोई भी पदाधिकारी से सम्पर्क नहीं हो पाया।

# हथियार के बल पर महिला से छेड़खानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** जीविका दीदी समूह में कार्यरत एक महिला के साथ घर में घुसकर छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। बखरी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाना में आवेदन देकर सात लोगों पर छेड़खानी करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में महिला ने बताया है कि वह जीविका दीदी समूह में ऋण वितरण और कलेक्शन का काम करती है। 30 जून की दोपहर लोन का पैसा लेकर निशहरा रेलवे लाइन के पुल के समीप से गुजर रही थी। तभी वहां मौजूद विवेक कुमार, अविनाश कुमार, पांडव कुमार ने उससे 25 हजार रुपया छीन लिया। विरोध करने पर इन लोगों ने हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। इसके बाद महिला के घर पर बिरजू राय, अंगद राय, नीतीश राय और रामचंद्र राय पहुंचे तथा घर के मुख्य द्वार का दरवाजा बंद कर दिया। सभी ने धमकी दिया कि उक्त घटना हम लोगों के द्वारा ही किया गया है। तुमलोग यहां से जमीन बेचकर भाग जाओ, वरना अंजाम बुरा होगा। इसके बाद नीतीश राय, विवेक राय, अंगद राय ने महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ मारपीट शुरू की तथा बिरजू राय और अभिषेक कुमार ने महिला के साथ छेड़खानी की और उसका वीडियो भी बना लिया। महिला ने बखरी थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में बंद बंदियों द्वारा शराब पीने का वीडियो वायरल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी में इन दिनों सोशल मीडिया पर जेल के अंदर बंद बंदियों के द्वारा शराब पीने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि नव बिहार अखबार इस वीडियो को पुष्टि नहीं करता है। जहां वीडियो में कुछ युवक शराब पी रहे हैं और ऑडियो के साथ यह कहते हुए भी दिखाया जा रहा है कि हम सभी मसौढ़ी उपकारा में बैठकर शराब पी रहे हैं, कुछ युवक गांजा जैसे नशा भी करते दिख रहे हैं। इस पूरे मामले पर मसौढ़ी जेल के जेलर उमाशंकर शर्मा से बात की गई तो उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि हमारे जेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है यह हमारे जेल का वीडियो नहीं है।

# समारोहपूर्वक मना कबीर ज्ञान मंच का 9वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** प्रखंड के गणपतौल पंचायत के हवासपुर पश्चिम में कबीर ज्ञान मंच विचार का 9 वा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया जिसकी अध्यक्षता संत भगवान दास साहेब ने की। मंच संचालन सेवानिवृत शिक्षक रामसेवक महतों ने किया। समारोह में शीर्ष संत को सम्मानित किया गया। नेपाल के किशोरी साहेब ने कहा कि जीवन की आपाधापी में हर इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हाथ पांव मार रहा होता है, लेकिन किसी भी क्षेत्र में सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ना इतना आसान भी नहीं होता है। अक्सर आपकी साधना के मार्ग या फिर कहें लक्ष्य की राह में तमाम मुश्किलें आती हैं। एक आम आदमी को समाज में आज जो भी समस्याएं या मुश्किलें दिखाई दे रही हैं। संत कबीर की दिव्य वाणी का प्रकाश आज भी हमें समस्याओं के अंधेरे से निकाल कर समाधान के प्रकाश में ले जाती है। रामसेवक महतो ने कहा कि संत कबीरदास कहते हैं कि गुरु और गोविंद जब एक साथ खड़े हो तो उन दोनों में से आपको सबसे पहले किसे प्रणाम करना चाहिए। कबीरदास के अनुसार सबसे पहले हमें अपने गुरु को प्रणाम करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने ही गोविंद के पास जानें का मार्ग बताया है। कबीर मन की पवित्रता पर ज्यादा जोर देते हैं। वह कहते हैं कि यदि आपका मन साफ और शीतल है तो इस संसार में कोई भी मनुष्य आपका दुश्मन नहीं हो सकता है। लेकिन अगर आप अपने अहंकार को नहीं छोड़ेंगे तो आपके बहुत से लोग दुश्मन बन जाएंगे। ऐसे में यदि आप समाज में खुश रहना चाहते हैं, तो किसी को भी अपना दुश्मन न बनाएं। सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार कीजिए. सभी आपके दोस्त बनकर रहेंगे। समारोह को संत युगेश्वर साहेब, योगेन्द्र साहेब सहित अन्य संतों ने भी संबोधित करते हुयें कबीर के बतायें उद्देश्य पर चलकर समाज, गांव का उत्थान किया जा सकता हैं।

# न्यू लाइफ सर्जिकल हॉस्पिटल में आईसीयू सुविधा उपलब्ध : डा. निलेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**अररिया।** जिला मुख्यालय स्थित एनएच 57 रोड महादेव चौक के निकट वो यादव कॉलेज के सामने अवस्थित सभी तरह के आधुनिक सुविधाओं से लैस न्यू लाईफ सर्जिकल हॉस्पिटल लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण साबित हो रही है। न्यू लाईफ सर्जिकल हॉस्पिटल के निदेशक सह सर्जन डॉ निलेश भूषण ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में सभी प्रकार का ऑपरेशन दूरबीन वो लेजर के द्वारा आवश्यकतानुसार होता है। उन्होंने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में आधुनिक सुविधा से लैस सहित आईसीयू सुविधा उपलब्ध है। अब लोगों को बाहर या नेपाल जाने की जरूरत नहीं है, सभी प्रकार की सुविधा यहां उपलब्ध है। उन्होंने एक मुलाकात के क्रम में कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में चिकित्सक इमरजेंसी की हालत में सही समय पर रोगियों को आईसीयू की सलाह देते हैं, इससे रोग का सही प्रबंधन व इसका उपचार आसान होता है। न्यू लाईफ सर्जिकल हॉस्पिटल के प्रशासनिक हेड सह सर्जन डॉ निलेश भूषण ने बताया कि इलाज के लिये आने वाले मरीजों के लिये सभी तरह के आधुनिक सुविधा वो जांच की सुविधा यहां उपलब्ध है। पहले जहां जांच वो ऑपरेशन के लिए के लिये दूसरे शहर या बड़े अस्पताल या निजी क्लिनिक में जाना पड़ता था, वहीं अब किफायती खर्च पर बेहतर ऑपरेशन की सुविधा लोगों को न्यू लाईफ सर्जिकल हॉस्पिटल में उपलब्ध है। डॉ निलेश ने बताया कि अगर रोगी सही समय पर हॉस्पिटल आ जाए तो उन्हें इमरजेंसी की नौबत नहीं आएगी, फिर भी यहां इमरजेंसी के लिए आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि समय दर समय किसी चिन्हित स्थान पर फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाता है,जहां आए हुए रोगियों को विशेष जांच कर उन्हें कुछ दवाइयां वो सही सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि यहां 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहता है। ऑपरेशन के लिए आए हुए रोगियों ने कहा कि इस हॉस्पिटल में सभी सहूलियत हमलोगों को मिला है, जो बढ़िया है।

# नवनिर्मित अस्पताल के उद्घाटन को लेकर सिविल सर्जन ने लिया तैयारियों का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** नवनिर्मित अनुमंडलीय अस्पताल के उदघाटन की तैयारियों का जायजा लेने पटना के सिविल सर्जन लगभग 12 बजे बाढ़ पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि 4 जून 2025 को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे इस नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि इस हॉस्पिटल में कोशिश यह कि जाएगी कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभ मिले और उसका सही उपयोग हो। यहां सिजेरियन ऑपरेशन की भी व्यवस्था की गई है जहाँ 3 ऑपरेशन थिएटर भी हैं जो कि टॉप फ्लोर पर स्थित है। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि ऑपरेशन थिएटर टॉप फ्लोर पर न होकर प्रत्येक फ्लोर पर एक-एक होना चाहिए। हॉस्पिटल का उद्घाटन एवं सारी व्यवस्था हो जाने के बाद बाढ़ अनुमंडल के लोगों को राहत मिलेगी। कई बार आकस्मिक विभाग में मरीजों के ऐसे केस आते थे जिन्हें पटना रेफर कर दिया जाता था। संभवतः अब उसमें कमी आने की उम्मीद है। मौके पर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक विनय कुमार चौधरी, अस्पताल प्रबंधक ज्योति रानी, अकाउंटेंट पवन कुमार, प्रधान लिपिक कमलनयन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समर कैंप के माध्यम से खेल-खेल में बच्चे करेंगे पढ़ाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रहिका टोला अररिया में सोमवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा मो0 राशिद नवाज़ द्वारा समर कैंप का भव्य उद्घाटन किया गया। फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह समर कैंप पूरे राज्य में उत्सव की तरह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कक्षा 5 और 6 के बच्चों की बुनियादी गणितीय क्षमताओं को खेलों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करना है।

राज्य भर के लगभग 12 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवक इस अभियान में भाग ले रहे हैं। हर केंद्र पर 12 से 15 बच्चों का चयन असर टेस्टिंग टूल के माध्यम से किया गया है। कक्षाएं प्रतिदिन डेढ़ घंटे की होंगी, जो सुबह 7 से 9 बजे या शाम 4 से 6 बजे के बीच स्थानीय सुविधा के अनुसार संचालित की जाएंगी। दैनिक गतिविधियों में वार्मअप, संवाद, गणित की कहानियाँ, शाब्दिक सवाल और माथापच्ची शामिल हैं। प्रमुख गणितीय खेलों में संख्याओं का पिटारा, तीसरा कौन, कौन बड़ा-कौन छोटा, कैलेंडर से दोस्ती,और सेंचुरी बनाओ, जैसे नवाचार शामिल हैं। राज्य संसाधन समूह सदस्य अंतिम कुमार सिन्हा और जिला साधनसेवी कृष्णा कुमार ने बताया कि अब तक 12 हजार से अधिक स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण हो चुका है। आज से सभी केंद्रों पर स्वयंसेवकों की प्रोफाइल और बच्चों की बेसलाइन अपडेट का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर शिक्षा सेवक सुशील कुमार, अशोक पंडित, सुलोचना कुमारी, स्वयंसेवक नीतीश कुमार, अमरजीत कुमार एवं प्रखंड साधनसेवी धर्म कुमार बसाक और पूजा कुमारी उपस्थित रहे.डीपीओ राशिद नवाज ने बच्चों से कहा गर्मी छुट्टी में समर कैंप में खेल खेल के माध्यम से मस्ती करना और पढ़ना भी है।

# मिथिलांचल कला मंच के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बिहार फिल्म ऐंड टेलीविजन आर्टिस्ट एसोसिएशन ट्रस्ट अंतर्गत पहली बार जिले में रविवार को एक भव्य पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस अवार्ड शो का नाम बेगूसराय रत्न सम्मान दिया गया। जिसमें विशेष सहयोग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तारूणी तारण नाट्य समिति के तत्वधान में मिथिलांचल कला मंच के द्वारा लोक नृत्य कजरी की भव्य एवं मनमोहक प्रस्तुति से लोग गदगद हो गए। जिले के विभिन्न क्षेत्रो से जुड़े 9 उत्कृष्ट लोगों को यह सम्मान दिये गए। इसके चीफ गेस्ट डा. उदय शंकर उत्तराखण्ड सरकार के मंत्री श्यामवीर सैनी थे। जबकि विशेष अतिथियों में बरौनी एनसीसी के कर्नल दीपक कुमार ने अपने कैडेट्स एवं आर्मी अफिसर के साथ शामिल होकर लोगों को प्रेरित किया। इस अवार्ड का स्लोगन है आप धरोहर हैं। जिला रत्न सम्मान बिहार के मिथिला रिसार्ट में किया गया। जिन 9 लोगों को इस सम्मान से सम्मानित किया गया। शोभा देवी (मुखिया) लोकप्रिय जन प्रतिनिधि खोदाबंदपुर (मुशहरी), कविता कुमारी (रंगमंच) चकिया (बीहट) शिवा सिंह राजपूत फिजिकल ट्रेनिंग पनहास, अखिल सिंह लिरिक्स रायटर सिमरिया, बबलू कुमार स्टील फोटोग्राफर डुमरी, सुरेंद्र प्रसाद मिश्र सर्वधर्म हिताय नागदह, मिथलेश कांति साहित्य मेहना, अब्दुल्लाह निजामी उदघोषक तेघड़ा एवं शहीद सुजीत कुमार सैनिक को मरणोपरांत अमरपुर. बेगुसराय रत्न से सम्मानित किया गया। बीएफटीएए मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता और पटना में कार्यक्रम का आयोजन करने के बाद अब बिहार के अलग अलग जिलों में इस तरह के सम्मान समारोह को आयोजित कर रही है। मिथिलांचल कला मंच बीहट के अशोक पासवान के निर्देशन में निशु कुमारी, कशिश, रूपाली, माधुरी, पुष्पांजलि, जिज्ञासा,बबली एवं प्रिया ने लोक नृत्य कजरी की शानदार प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। वही राधा डेंटल केयर, मुंगेर, आर डी डी प्रोडक्शन, मा पा मुवी मेकर्स के सभी सदस्यों ने अवार्ड को सफल बनाने में काफी मेहनत की। अवर्डी के अलावा जितने भी अतिथि उपस्थित थे उन्हें तरूणी तारण नाट्य समिति के सचिव सुरेंद्र प्रसाद मिश्र के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# फूटबॉल टूर्नामेंट सामाजिक समरसता का माध्यम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** सदर प्रखंड आरा के धमार गांव स्थित गोलक्षनी खेल मैदान में रणविजय सिंह फूटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मैच देर शाम तक खेला गया। फाइनल बड़हरा एलेवन बनाम बसंतपुर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले में एक भी गोल नही होने होने दिया। बाद में रेफरी के घोषणा पर ट्राई ब्रेकर खेला गया। जिसमें बड़हरा एलेवन ने ट्राई ब्रेकर में 6-5 गोल से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। तीन दिवसीय इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा था और हर गोल पर तालियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि बड़हरा अब खेल के नक्शे पर भी अपनी जगह बना रहा है। 'मैन ऑफ द मैच' विजेताओं को साइकिलें भेंट की गई। जिसमें तरुण, सौरभ, उत्तम, भीम, गुलशन, विशाल, प्रदुमन, धीरज, मृतुंजय, उत्तम कुमार, राहुल, गोलू, आदित्य, अप्पू, राजवीर आदि शामिल है। सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी उत्तम सिंह को एलईडी टीवी से सम्मानित किया गया। इसके अलावे सभी खिलाड़ियों को बैग और मेटल बोतल उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। हर खिलाड़ी को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह राजापुर वाले ने कहा कि यह सिर्फ एक फुटबॉल मैच नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और अवसर की समानता का प्रतीक है। यह मंच जात-पात से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने और प्रतिभा को आगे लाने का अवसर है। जो खिलाड़ी यहां जीत रहे हैं, उनके लिए अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने का रास्ता खुला है।

# 96 की उम्र में भी सूर्यदेव प्रसाद की साइकिल बनी प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साइकिल दिवस पर विशेष**



**रसूलपुर/ एकमा।** विश्व साइकिल दिवस पर जब दुनिया में साइकिल के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है, उसी कड़ी में एक प्रेरणादायक नाम है–96 वर्षीय सूर्यदेव प्रसाद का, जो आज भी अपनी साइकिल से गांव की गलियों और कस्बों में फर्राटा भरते हैं। उनका गांव बिगहां, मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझी-एकमा प्रखंड की सीमा पर स्थित है। गांव वालों के अनुसार, सूर्यदेव प्रसाद जब अपनी साइकिल पर सवार होकर निकलते हैं, तो लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। वे कहते हैं, 'साइकिल चलाने से मैं किसी पर निर्भर नहीं रहता, जब मन करे निकल पड़ता हूं। इससे न केवल मेरा स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होता है।' सूर्यदेव प्रसाद का परिवार 'सूर्यांशी परिवार' के नाम से जाना जाता है, जिसमें उनके चार बेटे और चार बेटियों समेत लगभग 70 सदस्य हैं। उनके परिवार के सदस्य हाईकोर्ट में वकील, इंजीनियर, चिकित्सक एवं अन्य प्रतिष्ठित पेशों से जुड़े हैं। बावजूद इसके, सूर्यदेव प्रसाद की सादगी और ग्रामीण जीवनशैली सभी के लिए प्रेरणा है। रेलवे के वरिष्ठ पद से सेवानिवृत्त होने के बावजूद वे गांव में रहना पसंद करते हैं और अरविंद सोसायटी आश्रम का संचालन भी करते हैं। उनका खादी का धोती-कुर्ता और गांधी टोपी पहने हुए साइकिल से निकलना पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र होता है। स्थानीय दवा विक्रेता संजय यादव कहते हैं, 'जब सूर्यदेव जी गांव से निकलते हैं, तो पूरा गांव उन्हें निहारता है। उनके बेटे-बेटियाँ भले शहरों में गाड़ियों से चलते हों, पर गांव में आते ही खेतों में कुदाल लेकर उतर जाते हैं। यह परिवार सादा जीवन, उच्च विचार का जीवंत उदाहरण है।

## एक नजर

### राजद नेता का निधन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष वर्तमान बेगूसराय महानगर राष्ट्रीय जनता दल वरीय जिला उपाध्यक्ष धनिक लाल दास का हृदय गति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे राजद परिवार बेगूसराय मर्माहत है। मृत्यु को खबर सुनते ही पूरे राजद परिवार में शोक का लहर छा गया। बेगूसराय पोखरिया नगर निगम वार्ड संख्या 36 अवस्थित आवास पर पहुंचकर जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहित यादव, महानगर जिला अध्यक्ष शिवजी महतो, बिहार प्रदेश प्रदेश महासचिव प्रोफेसर अशोक कुमार यादव,पूर्व प्रदेश महासचिव मुखी भगत,महानगर जिला उपाध्यक्ष महावीर यादव, महानगर मुख्य प्रवक्ता पवन गांधी, प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,महिला राजद महानगर प्रधान महासचिव पूनम रजक, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बूटन साह, श्रीमती कांति सिंह महिला राजद प्रदेश महासचिव, सदर प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव,नगर निकाय जिला अध्यक्ष अजय कुमार चंद्रवंशी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला प्रधान महासचिव सुबोध कुमार चंद्रवंशी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन पासवान, महिला राजद जिला उपाध्यक्ष हीदसा खातून, सहित सभी साथियो ने अपने नेता के पार्थिक शरीर पर पुष्प अर्पित कर आत्मा शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किये। पुष्प अर्पित कर राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा बेगूसराय राजद ने एक लालूवादी सिपाही को खोया हैं।

### सेवानिवृति पर कैतुका लच्छी उच्चतर विद्यालय के प्राचार्य को दी गई विदाई

**मकेर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सारण जिले के मकेर प्रखंड स्थित कैतुका लच्छी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बच्चा प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव विद्यासागर विद्यार्थी, अध्यक्ष विनोद यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। समारोह में ग्रामीण उमेंद्र सिंह, उमेश्वर सिंह, प्रभूनाथ सिंह, नरेंद्र सिंह, शिक्षक अरबिंद दुबे, कुंदन तिवारी, रोहित कुमार, नसीम अहमद, बीरबर शर्मा, अशोक कुमार, पिंकु मिश्रा, आशीष कुमार, रंजीत कुमार, योगेंद्र साह, अनिल कुमार साह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। महिला शिक्षिकाओं में श्वेता शर्मा, रिना कुमारी, सोहानी कुमारी, ममता कुमारी, राधा यादव, स्नेह लता, प्रियंका कुमारी, आबिदा खातून, फरहत कादरी आदि ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि प्राचार्य सिंह का नेतृत्व स्नेहिल और अनुशासित रहा है। कार्यक्रम के अंत में आधार ऑपरेटर हिमांशु कुमार समेत विद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए क्षणों को साझा किया। सभी ने यह कामना की कि विद्यालय उनकी प्रेरणा से निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहे।

### कृषि वैज्ञानिक किसानों को कर रहे जागरूक

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के पाँचवें दिन पटना जिला के छः गाँवों में गठित दो टीमों के द्वारा किसानों को कृषि तकनीक एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान में कृषि विज्ञान केन्द्र के टीम 1 से राजीव कुमार, डाध पुष्पम पटेल बिहार सरकार के डाध दिवाकर, डाध ए.के. जैन इत्यादि ने भाग लिया। साथ हीं साथ टीम 2 से डाध मृणाल वर्मा, संगीता कुमारी, डाध प्रकाश चंद्र गुप्ता डाध राज किशोर शर्मा, आर्यमा दीप्ति, अंकित कुमार (इफको) कंचन सोनी, अमीत कुमार आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जीविका दीदीयों को ड्रोन के उपयोग और उसके लाभ के बारे में बतलाया गया। इस अभियान में समसामयीक खरीफ फसलों की जानकारी, धान की सीधी बुआई एवं केन्द्र और राज्य सराकार द्वारा संचालित कृषि की लाभकारी योजनाओं के बारे में किसान समूहों को अवगत कराया गया। आज का यह अभियान बाढ़ प्रखंड के बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम-मीसी, केवल बिगहा, पंडारक प्रखंड के चतुर्भूजपुर, अथमलगोला प्रखंड के सबनीमा एवं बाढ़ प्रखंड के एकडंगा एवं मसत्थु गाँव में सघन रूप से चलाया गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेढना फोरलेन के पास सोमवार की दोपहर नदमा गांव से मोटरसाइकिल से बाढ़ आ रहे 60 वर्षीय महिला मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला नीला देवी पति गोपाल पंडित नदमा निवासी को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के माथे के पिछले भाग में गंभीर चोट लगने से सिटी स्कैन करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया महिला की हालत गंभीर बताई जाती है।

### मोकामा पटना फोर लाइन पर मिली युवक की लाश, पुलिस कर रही जांच

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोकामा पटना फोरलेन पर वेल्लोर गांव के पास 20 वर्षीय युवक की लाश पड़ी होने की सूचना बाढ़ थाना की पुलिस को दी गई । बाढ़ थानाध्यक्ष ने पदाधिकारी को घटनास्थल पर भेजा तो सड़क किनारे युवक की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों को सूचना देकर पहचान करने की बात कही लेकिन घंटे भर इंतजार के बाद भी पहचान नहीं हुई। बाद में मृतक की पहचान 20 वर्षीय चंदन कुमार पिता स्वर्गीय शंकर मोची बेलोर गांव निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल पहुंची वहीं परिजनों का कहना है कि युवक मजदूरी का काम किया करता था। युवक कि लाश को देखने से पता चलता है कि उसका सड़क हादसा में मौत नहीं बल्कि किसी ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी है। युवक कल शाम से ही घर से निकला हुआ था और रात में घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि मजदूरी का पैसा मांगने के लिए जरहर पर गांव गया हुआ था लेकिन सुबह उसकी लाश मिली परिजन तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

# आईआईटी पटना में 6जी मोबाइल वायरलेस संचार पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित आईईईई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी ऑन 6जी मोबाइल वायरलेस कम्युनिकेशन का शुभारंभ सोमवार को भव्य रूप से हुआ। यह दो दिवसीय संगोष्ठी 2 एवं 3 जून 2025 को आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य 6जी मोबाइल संचार तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक शोध, नवाचार और नीतिगत दृष्टिकोणों पर केंद्रित संवाद को प्रोत्साहित करना है। संगोष्ठी का उद्घाटन आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह, दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक श्री बाबू राम, उप महानिदेशक डॉ. पराग अग्रवाल, सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के प्रो. सतीश शर्मा, तथा संगोष्ठी संयोजक डॉ. अमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अगली पीढ़ी की वायरलेस संचार प्रणालियाँ न केवल तकनीकी क्षेत्र में क्रांति लाएँगी, बल्कि भारत को डिजिटल रूप से समावेशी और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में भी सहायक सिद्ध होंगी। प्रो. टी. एन. सिंह ने आईआईटी पटना की उन्नत अनुसंधान क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान 6जी, इंटेलिजेंट सरफ़ेस, अत्याधुनिक एंटीना डिज़ाइन और रक्षा तथा अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर केंद्रित अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संगोष्ठी संयोजक डॉ. अमित कुमार सिंह और उनकी टीम के शोध प्रयासों की सराहना की। श्री बाबू राम ने 6जी तकनीक की राष्ट्रीय विकास में भूमिका को रेखांकित करते हुए इसे डिजिटल इंडिया मिशन के लिए एक महत्त्वपूर्ण आधार बताया। वहीं डॉ. पराग अग्रवाल ने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को सशक्त बनाने हेतु संचार मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई।डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि 6जी तकनीकों के माध्यम से भविष्य में अत्यधिक उच्च गति की कनेक्टिविटी, इंटेलिजेंट सेंसिंग, रिमोट हेल्थकेयर, स्वायत्त प्रणालियाँ और अंतरिक्ष-पृथ्वी एकीकृत नेटवर्क जैसी क्रांतिकारी क्षमताएँ साकार की जा सकेंगी। संगोष्ठी में तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें टीएचजेड कम्युनिकेशन, इंटेलिजेंट रिफ्लेक्टिंग सरफ़ेस, ऑर्बिटल एंगुलर मोमेंटम वायरलेस नेटवर्क्स में एआई/एमएल, तथा स्पेस-एयर-ग्राउंड इंटीग्रेटेड नेटवर्क्स जैसे अत्याधुनिक विषयों पर गहन मंथन हो रहा है।आआयोजन में देशभर से लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया है, जिनमें सरकारी, औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। शोधकर्ताओं के लिए एक व्यावहारिक हैंड्स-ऑन सत्र का भी आयोजन किया गया है।संगोष्ठी का समापन 3 जून को होगा, जिसमें भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त सचिव एवं डिजिटल इंडिया निधि के प्रशासक, श्री नीरज वर्मा (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। यह संगोष्ठी आईईईई, भारत 6जी एलायंस, सी-डैक, संचार मंत्रालय, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की जा रही है।



## समिति के गठन से महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मसौढ़ी प्रखंड पशु चिकित्सालय में प्राथमिक बकरी उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड का गठन किया गया। यह पहल पशुपालन विभाग और जीविका के संयुक्त तत्वावधान में की गई है। इस समिति में उन बकरी पालकों को जोड़ा जा रहा है जिनके पास कम से कम 5 बकरियाँ हैं।

इस अवसर पर 13 सदस्यीय प्रबंधन समिति (उग्क) का भी गठन किया गया जिसमें 9 जीविका से जुड़ी पशु सखी, एक भ्रमणशील पशु चिकित्सक अधिकारी और 3 अन्य सदस्य शामिल हैं। अभी तक लगभग 80 बकरी पालक इस समिति से जुड़ चुके हैं।

भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. अतहर खान ने बताया कि समिति का उद्देश्य नस्ल सुधार, बकरी पालकों की आमदनी में वृद्धि, मृत्यु दर में कमी, देशी नस्लों को बढ़ावा, और न्यूनतम दरों पर चारा, औषधि व प्रमाणित पशु आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मौके पर प्रखंड जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने बकरी पालन के पंचसूत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समिति में जुड़ने के लाभ बताए।

## एक नजर

### आठ लोगों ने दाखिल किया नामांकन

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिक्रम नगर पंचायत के होने वाले चुनाव को लेकर अनुमंडल कार्यालय स्थित बने निर्वाचन कार्यालय में सोमवार को मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, वार्ड पार्षद के लिए कुल 8 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्य पार्षद के लिए तेलपा निवासी सरिता देवी, उपमुख्य पार्षद के लिए बिक्रम निवासी रौशन बनो,वार्ड संख्या 1 से आशा देवी, वार्ड 3 से सेजीदा खातून, वार्ड संख्या 5 गायत्री देवी,वार्ड संख्या 8 से विकास कुमार, वार्ड संख्या 12 से सुनीता देवी,तथा वार्ड संख्या 14 से प्रभा देवी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### नहीं हो सकी सैरात बंदोबस्ती

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढ़ी के लिए सब्ज़ी मंडी और पूर्वी बस स्टैंड की सैरात बंदोबस्ती एक बार फिर नाकाम रही है। 28, 29 और 30 मई को अल्पकालीन सैरात बंदोबस्ती के लिए नीलामी की प्रक्रिया रखी गई थी, लेकिन अंतिम दिन तक एक भी संवेदक नहीं पहुंचे, जिससे नीलामी नहीं हो सकी।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मसौढ़ी रेलवे गुमटी के पूर्व, जहानाबाद रोड एवं बरनी रोड बस पड़ाव की निविदा राशि ?12,22,850 निर्धारित की गई थी, जबकि डाकबंगला रोड स्थित सब्जी मंडी की निविदा 26,66,700 रखी गई थी। लेकिन उच्च बोली दर के कारण कोई भी संवेदक भाग नहीं ले पाया। यह तीसरी बार है जब सब्जी मंडी की नीलामी नहीं हो सकी है। अब नगर परिषद प्रशासन सरकारी स्तर पर ही वसूली करेगा।

### घर में घुसकर हजारों की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के केवड़ा थाना क्षेत्र के निर्वाणचक गांव में बंद एक घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने घर में घुसकर ताला तोड़कर एवं बक्से में रखे हुए 5000 नगद समेत आभूषण बर्तन साड़ी तमाम चीज चुराकर चोर बड़े आराम से निकल भागे। वही जब किसी कार्य से गृह स्वामी अपने घर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देख पुलिस को सूचना दी, चंदेश्वर सिंह पिता अमेरिका सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से जमशेदपुर झारखंड में बिजनेस करते हैं और बराबर अपने घर निर्वाणचक आया करते हैं।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा मस्ती के साथ कौशल विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बिरला कॉलोनी के आर्ट पीडिया संस्थान में सोमवार को समर कैंप की रंगारंग शुरुआत हुई. पहले ही दिन बच्चों ने न केवल मस्ती की, बल्कि कई उपयोगी और रचनात्मक गतिविधियों के ज़रिए जीवन कौशल का भी अभ्यास किया। हस्तशिल्प, व्यावसायिक सोच और समूह में काम करने जैसी गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाया। इस समर कैंप का आयोजन आर्ट पीडिया की संस्थापक अनिता गुप्ता के नेतृत्व में किया जा रहा है. उनके साथ सहयोगी प्रशिक्षकों में विवेक राज, बिक्की कुमार, नेहा कुमारी और सुनीता कुमारी जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं. इन प्रशिक्षकों ने बच्चों को सृजनात्मकता, संवाद कौशल और कार्यशैली से जुड़े अभ्यासों में शामिल किया। अनिता गुप्ता ने बताया कि यह समर कैंप सात दिनों तक चलेगा। हमारा उद्देश्य है कि बच्चों को ऐसे प्लेटफॉर्म पर लाया जाए, जहाँ वे मस्ती करते हुए खुद को बेहतर ढंग से समझ सकें और अपने भीतर छुपी प्रतिभा को पहचान सकें। कैंप के पहले दिन बच्चों की ऊर्ज़ा और उनकी सक्रिय भागीदारी यह साबित करती है कि यह पहल न केवल मनोरंजक है, बल्कि प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद भी है। यह समर कैंप बच्चों के लिए नये अनुभवों का दरवाज़ा खोल रहा है, जहाँ वे सीख रहे हैं कि मस्ती और सीखना साथ-साथ कैसे चल सकते हैं।



## तोड़फोड़ व पुलिस वाहन में आग लगाने के मामले में अज्ञात पर केस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बीते रविवार की सुबह एक्साइज विभाग की छापेमारी के दौरान एक युवक का पाईन में कूदने से हुई मौत के बाद मसौढ़ी में तकरीबन चार घंटे तक हो हंगामा व बवाल मचा रहा। जहां मद्य निषेध कार्यालय में गुस्साएए भीड़ ने तोड़फोड़ की उसके बाद पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद दूसरे दिन सोमवार को एक्साइज इंस्पेक्टर टुनटुन पासवान के लिखित आवेदन पर मसौढ़ी थाने में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है जिसमें सरकारी कार्यालय में सरकारी संपत्ति को नुकसान, तोड़फोड़ करना, पुलिस प्रयुक्त वाहन को आग के हवाले कर देना, तमाम बिंदुओं पर अज्ञात के खिलाफ थाने में प्राथमिक की दर्ज करते हुए की गई है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। वहीं एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया की भीड़ को उकसाकर सरकारी संपत्ति को नुकसान किया गया है मध्य निषेध दफ्तर में तोड़फोड़ की गई है इसकी जांच की जा रही है। कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखी जा रही है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### मोदी-नीतीश के तालमेल...

स्टेट हाईवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है जिसने राज्य की आर्थिक गति को तेज किया है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने आधारभूत संरचना, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में जो आधार तैयार किया, उस पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विज़न से राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं को जोड़ रहे हैं। उन्होंने इसे 'नींव नीतीश की और निर्माण मोदी का' बताते हुए कहा कि यही वह तालमेल है जिसने बिहार को नए युग के द्वार पर खड़ा कर दिया है। डॉ. कुशवाहा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की सोच लोकल को ग्लोबल से जोड़ने की है, और बिहार की युवा शक्ति, किसान और श्रमिक वर्ग इसके सबसे बड़े लाभार्थी होंगे। विक्रमगंज की सभा में भारी जनसमूह की उपस्थिति को देखते हुए डॉ. कुशवाहा ने इसे जनता का स्पष्ट संदेश बताया कि वह अब ऐसे नेतृत्व को पसंद करती है जो सिर्फ वादे नहीं करता, बल्कि ज़मीनी काम करता है। उन्होंने कहा कि यह विकास की राजनीति का युग है और मोदी-नीतीश की जोड़ी इसका सबसे सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। अंत में उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में यह समन्वय और मजबूत होगा और बिहार न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में गर्व से खड़ा होगा।

## मसौढ़ी जेल में नशामुक्ति का दिलाया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विश्व तंबाकू दिवस के मौके पर मसौढी उपकारा में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जहाँ नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नशे से जुड़े मामलों में निरुद्ध घर, परिवार और समाज को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। जेलर उमाशंकर शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नशामुक्ति की ओर प्रेरित करना था। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हम आज तंबाकू को नहीं कहने के लिए प्रतिज्ञा करें। न केवल हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए, बल्कि हमारे परिवारों, दोस्तों और आने वाली पीढ़ियों की भलाई के लिए। हम एक स्वस्थ, धूम्रपान मुक्त दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तंबाकू का उपयोग मृत्यु, विकलांगता और बीमारी का एक प्रमुख वैश्विक कारण है। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। मौके पर जेल के सभी कर्मचारियों, पदाधिकारी पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।



## बाइक सवार ने एक को मारी गोली, पटना रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा।** थाना क्षेत्र के मुशेपुर गांव में बीते देर रात्रि के करीब एक बजे घर के बाहर सोये हुए व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर फरार हो गया। इधर अचानक से गांव में गोली चलने के आवाज से हड़कंप मच गया। साथ ही आसपास और परिवार के लोग घटनास्थल पर जमा थे। घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। हालांकि स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान मूसेपुर गांव निवासी संजय मांझी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पहुंच कर सभी मामलों पर जांच पड़ताल में जुट कर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर इलाके में छापेमारी में जुट गई है। बताया जाता है कि बीते रात्रि को संजय मांझी अपने परिवार के साथ खाना खाकर घर के बाहर सोया हुआ था। तभी बाइक से दो युवक अचानक से पहुंचकर फायरिंग कर मौके से फरार हो गया है।

## भाजपा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रम।** भाजपा पटना ग्रामीण के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया है कि जिला उपाध्यक्ष के रूप में बिक्रम खोरैठा के तेजनारायण शर्मा सहित विनोद कुमार, संजय यादव, कुमुद रंजन, माधुरी सिन्हा, अनिल पासवान को मनोनीत किया गया है। इनके बनने पर प्रदेश नेता अतुल कुमार, आशुतोष कुमार, धमेन्द्र कुमार, अशोक वर्मा, किरण कुमारी, नीरज तिवारी, मनोज कुशवाहा, राज कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, रत्नेश्वर मिश्र मनोज कुमार, जितेन्द्र सिंह, नीरज कुमार, अविनाश कुमार उपाध्याय, अभिशेख रंजन मोन्टी, सतीश कुमार, योगेश तिवारी, सूर्य नारायण सिन्हा आदि ने बधाई दी है।


**नीलामी की शर्तें :–**

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।
2. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदक को कार्यालय में अग्रधन राशि **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में जमा करना होगा, जो **(Superintendent Of Excise, Aurangabad)** के नाम से एवं **Payable at SBI Main Branch, Aurangabad** के नाम से देय होगा।
3. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को विहित प्रपत्र में आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, 01 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं शपथ/घोशणा पत्र जमा करना अनिवार्य है।
4. नीलामी में सफल व्यक्ति का अग्रधन राशि, नीलाम की तय राशि में समायोजित कर ली जायेगी तथा असफल व्यक्तियों को जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
5. नीलामी में सफल नीलामी क्रेता को नियमाकुल सभी करों का भुगतान करना होगा।
6. यदि किसी बैंक (सरकारी, अर्द्धसरकारी अथवा प्राईवेट) अथवा वित्तीय संस्थान से नीलामी के पूर्व तक कोई आपत्ति दर्ज नही की जाती है तो वाहन को सभी प्रकार का भार **(Free of all encumbrances)** से मुक्त मानते हुये नीलामी की जाएगी।
7. नीलामी विभागीय पत्रांक– 5964, दिनांक– 04.08.2022 के आलोक में नियमानुसार क्रमशः प्रथम नीलामी के उपरान्त मूल्यांकित राशि का 10% राशि कम करके एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त मूल्यांकित राशि का 20% कम करके तृतीय नीलामी कराई जायेगी।
8. नीलामी में सफल व्यक्ति को नीलामी की शेश राशि 03 कार्य दिवसों के अंदर कार्यालय अधीक्षक मद्यनिशेध, औरंगाबाद में जमा करना होगा एवं इसके अतिरिक्त विभागीय पत्रांक– 7003, दिनांक– 09.09.2022 के आलोक में नीलामी मूल्य की 3% राशि BSBCL को सेवा शुल्क के रूप में देय होगी।
9. प्रकाशन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए नीलामी समिति जिम्मेवार नहीं होगा। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक क्रेता नीलामी की तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस को नीलामी में सम्मिलित वाहनों को संबंधित थानों में जाकर देख सकते है।
10. वाहन क्रेता निबंधन संख्या/चेसीस संख्या या ईंजन संख्या का सत्यापन स्वयं कर लें। क्योकि वाहनों का निबंधन कार्यालय एवं थाना में भौतिक रूप से सत्यापन किये गये निबंधन संख्या/चेसीस संख्या या ईंजन संख्या के आधार पर किया जाएगा। जिन वाहनों का निबंधन संख्या/चेसीस संख्या/ईंजन संख्या स्पश्ट नही होगा वैसे वाहनों का निबंधन नहीं होगा।
11. नीलामी समिति सफल क्रेता के नाम से वाहन के निबंधन कराने के निमित नीलामी प्रमाण–पत्र/विक्रय पत्र निर्गत करेगी। नीलामी किये गये वाहन को अपने नाम से निबंधित कराने की जिम्मेवारी संबंधित क्रेता की होगी। सभी प्रकार के शुल्क जमा करने के पश्चात जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा वाहनों का निबंधन किया जाएगा।
12. वाहनों की नीलामी जो है, जहाँ है, जैसा है के आधार पर किया जाएगा तथा उसी स्थिति और स्थान से विमुक्त किया जायेगा तथा किसी प्रकार का परिवहन व्यय देय नहीं होगा।
13. वाहन नीलामी में भाग लेने वाले आवेदक स्वयं वाहन को अवलोकन कर बोली लगायेंगे, बाद में वाहन की स्थिति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
14. किसी भी वाहन या सभी वाहनों की नीलामी बिना कारण रद्द करने की शक्ति नीलामी समिति के पास सुरक्षित होगी।
15. वाहन नीलामी समिति के पास नीलामी की प्रक्रिया को किसी भी वक्त रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
16. किसी भी प्रकार का विधिक मामला स्थानीय न्यायालय क्षेत्र के अधीन लागू होगा।
17. माननीय न्यायालय से आच्छादित वाहनों कें संज्ञान में आने पर उस वाहन का आवेदन नहीं लिया जाएगा तथा तत्काल उस वाहन की नीलामी स्थगित/रद्द कर दी जाएगी।
18. वाहन स्वामी को वाहन नीलामी की सूचना इस प्रकाशन के माध्यम से अंतिम तामिला माना जायेगा। यदि वाहन के संबंध में किसी भी तरह की आपत्ति हो तो नीलामी से पूर्व अधीक्षक मद्यनिशेध कार्यालय, औरंगाबाद में आकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।
19. नीलामी की प्रक्रिया माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में नीलामी में सफल क्रेता का किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा। विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट **www.aurangabad.bih.nic.in** या अधीक्षक मद्यनिशेध कार्यालय, औरंगाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 004991 (Excise) 2025-26

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


## आपसी विवाद में दो पक्षों मे जमकर मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के केवड़ा थाना क्षेत्र के बड़की बसुहार गांव में आपसी विवाद में लोहे के रॉड से मारपीट कर बेहोश कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद अनीता देवी पति धर्मदेव कुमार बड़की बसुहार ने थाने में 6 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसमें चंदेश्वर ठाकुर लालती देवी, अजय ठाकुर, विकाश ठाकुर, मुकेश कुमार, सुकेश कुमार सभी पिता चंदेश्वर ठाकुर उग्राम बड़की बसुहार को आरोपी बनाया है। लिखित आवेदंन के आलोक मे सबों मिलकर मुझे एवं मेरे पति को लाठी एवं लोहे के रॉड से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और लालती देवी अपने हाथ में लिए रड से पीछे से मारकर मेश माथा फोड़ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया मेरे माथा से खुन बहने लगा खुन बहता देख में बेहोश होकर गिर गई फिर मुझे अगल बगल के लोगो द्वारा एवं अपने परिवार जनो के साथ हुए मारपीट की।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**

**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

**अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025–2026**

*पत्रांक ....................../ गया, दिनांक ........../.............../2025*

1. **विज्ञापन निर्गत की तिथि:** *29.05.2025*
2. **विज्ञापन दाता का पदनाम** : कार्यपालक अभियंता (यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद ।
3. **निविदा संलेख की बिक्री की तिथि** : 05.06.2025 से 08.06.2025
4. **तकनीकी एंव वित्तीय निविदा संलेख प्राप्ति की तिथि एंव समय** : 09.06.2025 को 3:00 बजे अपराहन तक।
5. **तकनीकी निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय** : 09.06.2025 को 3:30 बजे अपराहन में।
6. **वित्तीय निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय** : तकनीकी निविदा की स्वीकृति के पश्चात् सूचित किया जायेगा।
7. **निविदा संलेख बिक्री का स्थान** : 1. मुख्य अभियंता,(यॉं0), जल संसाधन विभाग बिहार, पटना का कार्यालय। 2. अधी० अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक अचंल, गया शिविर डिहरी का कार्यालय। 3. कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद का कार्यालय।
8. **निविदा संलेख प्राप्ति एंव खोलने का स्थान** : क्रमांक 7 के वर्णित कार्यालय में।
9. **वित्तीय निविदा संलेख खोलने का स्थान** : कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल , औरंगाबाद का कार्यालय।

| ग्रुप सं0 | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि रू0 में | निविदा संलेख का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि(रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Annual maintenance or runnning maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of north koel main canal at km (31.40 to 96.55 ) irrigation mechanical sub-division , amba for the year 2025-2026. | 500112.00 | 1250.00 | 10100.00 | 7 Days |
| 02 | Annual maintenance or runnning maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of medium irrigation scheme under irrigation mechanical sub-division , amba for the year 2025-26 | 437826.00 | 750.00 | 9000.00 | 7 Days |
| 03 | Annual maintenance or runnning maintenance of gates with hoisting arrangement and its allied parts during kharif season of work head division batane under irrigation mechanical sub-division , amba for the year 2025-26. | 106581.00 | 500.00 | 2500.00 | 7 Days |
| 04 | Fabrication erection and rennovation of H/R gate 02 nos size (1500X1600)mm embedding and hoisting system at km 93.873 of North Koel main Canal under North Koel Canal division, Madanpur Camp-Aurangabad for the year 2025-26. | 564161.00 | 1250.00 | 11500.00 | 7 Days |
| 05 | Oiling and greasing of spillway, U/S and H/R gates of Bhim barrage for irrigation of kharif for the year 2025-26. | 782963.00 | 1250.00 | 16000.00 | 7 Days |
| 06 | Oiling and greasing of mechanical gates at km 9.14to km 31.29 km of North Koel Main Canal and its distributory system before kharif irrigation of Mohammadganj for 2025-26. | 273958.00 | 750.00 | 5500.00 | 7 Days |
| 07 | Oiling greasing of mechanical gates of Medium Irrigation Scheme and its distributory system for Kharif irrigation. | 138377.00 | 500.00 | 3000.00 | 7 Days |
| 08 | Oiling greasing of mechanical gates of Eastern Sone High Level Main Canal and its distributory system for Kharif irrigation from R.D. 0.00 to R.D. 268.40. | 511170.00 | 1250.00 | 10500.00 | 7 Days |
| 09 | Oiling greasing of mechanical gates of Patna Main Canal and its distributory system for Kharif irrigation from 0.00km to 57.60. | 808312.00 | 1250.00 | 16500.00 | 7 Days |
| 10 | Fabrication erection and renovation of 2 Nos C/R gate, embedding , hoisting arrangement platform with railing at km - 23.7 of Eastern Sone High Level Main Canal (ESHLMC). | 592811.00 | 1250.00 | 12000.00 | 7 Days |
| 11 | Fabrication erection of 1 No H/R gate embedding hoisting arrangement ,platform with railing of Holichak minor RPC-D at KM- 0.84 of Patna Main canal | 238730.00 | 500.00 | 5000.00 | 7 Days |

**नोट :–** विशेष जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता (यॉं०)
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल,
औरंगाबाद ।

सरकारी सेवा जनसेवा का माध्यम है । धर्म ईमान की तरह इसे भी बेदाग रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया अंचल के तुरहापट्टी में अग्निपीड़ित परिवार के बीच समाजसेवी भाजपा नेता प्रतीक शर्मा ने राहत सामग्री का वितरण किया। तुरहापट्टी में विगत दिनों आगलगी की घटना में 15 घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इसघटना में पीड़ित परिवारों का सब कुछ नष्ट हो गया ।उनके घर, सामान, कपड़े और भोजन सब कुछ आग की भेंट चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षाविद एवं समाजसेवी प्रतीक शर्मा (भाजपा नेता) तत्काल राहत सामग्री एकत्र कर तुरहापट्टी गांव पहुंचें और पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। राहत सामग्री में चावल, दाल, तेल, मसाले, साबुन, शैम्पू, प्याज, आलू, बिस्किट, सोयाबीन, साड़ी, कपड़े आदि शामिल थे। मौके पर प्रतीक शर्मा ने कहा कि प्रभावित परिवारों की पीड़ा को देखते हुए यह उनका एक छोटा-सा प्रयास था, जिससे उन्हें कुछ राहत मिल सके और वे अपने जीवन को दोबारा पटरी पर लाने की शुरूआत कर सकें। इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा मानवीय कर्तव्य है।उन्होंने प्रशासन से पीड़ितों को यथाशीघ्र मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।

### नगर निकाय उप चुनाव, छठें दिन ज्योति ने किया नामांकन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम के वार्ड 14 के उप चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के छठे दिन निगम पार्षद पद के लिए ज्योति गुप्ता पति विमल गुप्ता ने पर्चा दाखिल कर दिया। सहायक निवार्ची पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि 5 जून तक उपचुनाव के लिए अभ्यर्थी नामांकन का पर्चा दाखिल कर सकते हैं। 6 जून से लेकर 9 जून तक स्कूटनी होगी। 10 जून से लेकर 12 जून तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर 13 जून को सिंबल आवंटित की जाएगी। 28 जून को मतदान होगा। वही 30 जून को मतगणना कराई जाएगी। बेतिया नगर निगम के वार्ड 14 के निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनैना देवी के निधन के बाद पार्षद का पद रिक्त था। जिस पर उपचुनाव हो रहा है। नामांकन को लेकर विकास भवन में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। नामांकन को लेकर दिन भर गहमागमी रही।

### सरकोपेनिया को हल्के में लेना घातक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक नीजी होटल के सभागार में आइएमए की ओर से सरकोपिनिया बीमारी एवं इसके आधुनिक ईलाज विषयक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए शहर के फिजिसियन डॉ रवि पांडेय ने बताया कि सरकोपेनिया में शरीर की मांसपेशी कमजोर होने लगती है और धीरे-धीरे इसका असर हड्डी पर पड़ने लगता है जिसके कारण से मरीज को चलने में, खड़ा होने में, झुकने में परेशानी शुरू हो जाती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने बताया कि कभी-कभी यह जोड़ के दर्द का कारण भी बनती है। इस प्रकार के जांच से हम लोग मरीज में होने वाले मांसपेशी की कमजोरी की जांच समय के पहले कर पाते हैं। इससे बचने के लिए नियमित व्यायाम के साथ-साथ उचित मात्रा में प्रोटीन लेना आवश्यक हो जाता है। मौके पर आईएमए जिला प्रवक्ता डॉ उमेश कुमार, आईएमए जिला कोषाध्यक्ष डॉ शिवशंकर शर्मा, डॉ अनिल मोटानी, डॉ विजय मंगल देव, डॉ महाश्रय सिंह, डॉ दिनेश राय समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।

### काउंटर केस में 14 नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के बारवा परसौनी गांव में पूर्व के विवाद को लेकर कुल 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि नीमा देवी के आवेदन पर सुरज शर्मा रामानंद शर्मा नंदलाल शर्मा नंदकिशोर शर्मा जवाहीर शर्मा समेत नौ लोगों पर केस दर्ज की गई है। जबकि दूसरे पक्ष के शोमा देवी के आवेदन पर गोरख शर्मा अमरेश शर्मा चूनचून शर्मा समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मानपुर में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर पुलिस ने रविवार की रात्री कवलापुर गांव के समिप से पॉवरट्रैक ट्रेक्टर पर अवैध बालू खनन कर ला रहे बालू समेत ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। डीएसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कवलापुर गांव के समिप से सटे नदी से अवैध तरीके से बालू खनन कर ट्रेक्टर ट्राली पर लोडींग किया जा रहा है। सूचना के आधार पर मानपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कवलापुर गांव के समिप से ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर थाना लाया। जब्त बालू और ट्रेक्टर ट्राली को खनन विभाग को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार चालक मानपुर थाना क्षेत्र के सहनौला गांव के शेख तेलू उर्फ शेख टेनी को जेल भेजा गया है।

### दुर्घटना में आधा दर्जन जख्मी, दो की हालत गंभीर

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य मार्ग पर हरदिया चाती के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक ही परिवार के छह लोग वाल्मीकिनगर से बगहा लौट रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दो की स्थिति चिंताजनक बताई जाती है।बाकी लोगों की स्थिति सामान्य बताई जाती है।सभी घायल कैलाशनगर के बताए जाते है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### चिंतावनपुर में आग लगने से लाखों की क्षति

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के भसुरारी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या सात चिंतावनपुर गांव में रविवार की शाम खाना बनाने के दौरान चूल्हे से उठी चिंगारी से आग लग गई। आग की लपटों को देख आफरा तफर मच गई। स्थानीय लोगो के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक बिहारी राम के घर मे रखा कपड़ा, वर्तन, अनाज,व नगदी समेत लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वही इस घटना में एक बकरी की भी झुलसकर मौत हो गई है। घटना के संबंध में पीड़ित ललिता देवी ने बताया कि लोगो का कर्ज चुकता करने के लिए गाव के समूह से किशता का लोन उठायी थी वह पैसा घर मे ही रखा हुआ था इस घटना में वह भी पैसा जल गया है। पीड़ित ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मुखिया प्रतिनिधि संतोष पाल ने बताया कि घटना की सूचना अंचल प्रशाशन व शिकारपुर पुलिस को दे दी गई है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया की दो झोपड़ी जलने की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी से जांच कराई गई है। जांच के उपरांत आवश्यक कागजातों की प्राप्ति के उपरांत पीड़ित परिवार को सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को पॉलीथिन शीट देने का निर्देश दिया गया है।

जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन बोले वीआईपी नेता नीतीश कुमार द्विवेदी

# महागठबंधन के साथ महाराजगंज की किस्मत बदलेगी



**महाराजगंज (सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की ओर से आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नीतीश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यात्रा ने पंचायत बलुऊ के ग्राम लेरुआ से तक्कीपुर पंचायत के ग्राम बगौछ स्कूल तक जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग यात्रा में शामिल हुए। द्विवेदी ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि यह चुनावी वर्ष केवल सरकार चुनने का नहीं, बल्कि महाराजगंज के भविष्य को संवारने का समय है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा पर उन्हें बिहार के पूर्व मंत्री और 'सन ऑफ मल्लाह' मुकेश सहनी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भेजा है। उन्होंने जनता से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि 'महाराजगंज का बेटा' होने के नाते वह आशीर्वाद लेने आया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि पूर्व में बाहरी नेताओं को यहां से जिताकर भेजा गया, लेकिन चुनाव के बाद वे क्षेत्र की जनता को भूल गए। द्विवेदी ने महागठबंधन को 'गुलदस्ते' की संज्ञा दी और कहा कि इसमें तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी जैसे नेता हैं जो जाति, वर्ग से ऊपर उठकर बिहार के विकास की सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि अब हर क्षेत्र में स्थानीय लोगों को नेतृत्व का मौका दिया जाएगा ताकि वे क्षेत्र की जमीनी समस्याएं समझ सकें और समाधान कर सकें। अपने संबोधन में द्विवेदी ने महाराजगंज की बदहाली को लेकर सरकारों को घेरा। उन्होंने कहा कि अब तक यहां न यूनिवर्सिटी खुली, न बड़ा अस्पताल बना और न ही जिला घोषित हो सका। सिर्फ वादे किए गए, काम नहीं हुआ। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब यह स्थिति बदलेगी और वे खुद इस बदलाव के लिए जिम्मेदारी लेंगे। यात्रा के अंत में उन्होंने लोगों से वादा किया कि महाराजगंज में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को स्थानीय स्तर पर सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जून से 15 जून तक चलने वाली यह यात्रा हर घर, हर गांव तक पहुंचेगी, लोगों की समस्याएं सुनेगी और उनके समाधान की ठोस योजना तैयार की जाएगी।

# सारण में महिला संवाद कार्यक्रम के तहत अब तक 44,013 आकांक्षाएं दर्ज, 1,606 स्थानों पर हुआ आयोजन

## महिलाओं की आवाज को योजनाओं से जोड़ने की अनूठी पहल





**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 18 अप्रैल 2025 से शुरू किए गए महिला संवाद कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। अब तक जिले के 1,606 पंचायत स्तरीय स्थलों पर संवाद सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 44,013 महिलाओं की आकांक्षाएं, समस्याएं व सुझाव दर्ज किए गए हैं। यह संवाद कार्यक्रम 2115 पंचायतों को लक्षित करते हुए चलाया जा रहा है। दर्ज की गई सभी बातें एक विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से संग्रहित कर जिलाधिकारी अमन समीर की निगरानी में संबंधित विभागों को भेजी जा रही हैं, जिससे त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**महिलाओं ने साझा कीं अपनी जमीनी जरूरतें:**

कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग प्रखंडों की महिलाओं ने अपनी स्थानीय समस्याओं और विकास की जरूरतों को खुलकर साझा किया। अमनौर प्रखंड की मनोरपुर झखरी पंचायत की रिंकू देवी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाले बैंक ऋण पर अधिकतम 7% ब्याज तय करने की मांग रखी, जिससे महिलाएं कम ब्याज दर पर व्यापार शुरू कर सकें। लहलादपुर प्रखंड के दंदासपुर पंचायत की महिलाओं ने अपने क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज की आवश्यकता बताई, जिससे स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। मांझी प्रखंड की महिलाओं ने बिजली दर एक रुपए प्रति यूनिट करने की मांग की, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता सस्ती और सुलभ हो सके। वहीं सोनपुर प्रखंड के सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत की महिलाओं ने सामुदायिक सिलाई केंद्र खोलने की इच्छा जताई, जहां लगभग 30 महिलाएं एक साथ काम करेंगी और अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें परिधान निर्माण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाएंगी।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल:**

यह कार्यक्रम केवल औपचारिक संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हर महिला की आवाज को योजनाओं से जोड़ना और स्थायी बदलाव की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करना है। यह पहल महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में सारण जिले की एक सशक्त और अनुकरणीय पहल बनती जा रही है।

# एकमा में ज्वेलरी शॉप में लूट व गोलीबारी कांड का उद्भेदन, एक अपराधी गिरफ्तार



**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निदेर्शानुसार एकमा थाना क्षेत्र के महावीर स्थान हंसराजपुर के मीठा बाजार स्थित राज लक्ष्मी ज्वेलर्स में 26 मई को हुई लूट और गोलीबारी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। घटना के संबंध में एकमा थाना में कांड संख्या 208/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र के गड़ार गांव निवासी आयुष कुमार पांडेय उर्फ सन्नी पांडेय को गिरफ्तार किया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि इस घटना को अंजाम देने के लिए छह अपराधकर्मी तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे और दुकान में घुसकर लूटपाट के दौरान गोलीबारी की थी। पुलिस शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी एवं जिला आसूचना इकाई की भूमिका अहम रही। मामले में सारण पुलिस ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अपराधियों के खिलाफ उसकी कार्रवाई सतत जारी है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## अमीत हत्याकांड में पिता पुत्र गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनसरैया गांव निवासी अमित कुमार की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने उसके गांव के ही पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि सन सरैया निवासी राजू मियां व राजू के पिता फूल मोहम्मद मियां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस डीएनए जांच के लिए शव को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षित रखवा दी है। मृतक की मां रामावती देवी व बहन अनीशा देवी ने आरोप लगाया था कि 27 मार्च की शाम राजू ने अमित को फोन कर घर से बुलाया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उनपर हत्या करने की आशंका जताई। जिसके बाद पुलिस दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर ली।

# डीएम ने अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति जताया आभार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानांतरित जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सोमवार को समाहरणालय के विभिन्न प्रशाखा का भ्रमण कर कर्मियों के प्रति आभार जताया। प्रोन्नति के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में सचिव के रुप में पदस्थापित किये गये जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय सोमवार को नियत समय पर कार्यालय पहुंच गये थे। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम जिले के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें विगत दो साल के कार्यकाल के दौरान चुनाव से लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पदाधिकारियों के द्वारा किये गये सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में जिस टीम भावना से अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं एवं आमजन के हित में किये गये कार्यो में अपना सहयोग दिया है उसके लिए मै आभार हूं। वहीं उन्होंने समाहरणालय के विभिन्न प्रशाखा, राजस्व, जनशिकायत, विधि, स्थापना, भूअर्जन, सामान्य, निलाम पत्र , आपदा समेत अन्य सभी प्रशाखा में जाकर कर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने वहां भी कर्मियों को सहयोग देने के प्रति आभार जताया। मौके पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविंद्र, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी, अहमद अली, ओएसडी सुजीत कुमार आदि भी मौजूद थे।

# खानपुर के मां जगदम्बा मंदिर परिसर में भाजपा मांझी पश्चिमी मंडल की बैठक आयोजित

## जनसेवा व संगठन विस्तार का लिया संकल्प





**एकमा/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी पश्चिमी मंडल भाजपा की कार्यसमिति की पहली बैठक खानपुर गांव स्थित मां जगदम्बा मंदिर परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर की गई।

तत्पश्चात मां जगदम्बा के चरणों में सामूहिक वंदना अर्पित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी उमेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर रणनीति तैयार करने व आम जनता तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने पर गहन चर्चा हुई। उमेश तिवारी ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों को संगठित व जागरूक बनाना समय की मांग है।

नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाए- जैसे उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत आदि को घर-घर तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। साथ ही युवाओं को अधिक संख्या में पार्टी से जोड़कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया जाए। मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा व समर्पण को ही राजनीति का माध्यम मानता है। ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को व अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अंगवस्त्र भेंट कर सभी कार्यकताओं व ग्रामीणों का सम्मान किया गया।

उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे भाजपा की नीति व नीयत से जनमानस को परिचित कराते हुए विकास की लौ गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी उमेश तिवारी, भाजपा के जिला भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे, मंजेश पाठक, विक्की सावन, डॉ विशाल तिवारी, गुड्डू ओझा, जितेन्द्र मिश्रा, एकमा नगर भाजपा अध्यक्ष श्रीप्रकाश, प्रमोद कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अभय मिश्रा, मंटू तिवारी, वीरेश सिंह, संजय तिवारी, संतोष कुमार राय, व्यास सिंह, शैलेश प्रसाद, दीनदयाल प्रसाद, शशिरंजन सिंह, अखिलेश प्रसाद सोनी, चन्दन सिंह, विक्की मिश्रा, ज्ञान प्रकाश सिंह, राहुल कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल रहे।

# लापरवाही में मुफस्सिल थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, दारोगा सस्पेंड

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनसरैया से अपहृत अमीत की हत्या मामले में कांड के अनुसंधानकर्ता दारोगा को सस्पेंड करते हुए एसपी डा. शौर्य सुमन ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अभिराम सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। थाना में दर्ज मामले के अनुसंधान में लापरवाही बरतने के मामले में एसपी ने यह कार्रवाई की है। एक साथ दो पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने इसकी पुष्टि की है। विदित हो कि विगत 27 मार्च को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनसरैया नगर निगम के वार्ड 41 निवासी ललन महतो का पुत्र अमित कुमार (18) लापता हो गया था। इस मामले में उसके परिजनों ने 30 मार्च को मुफस्सिल थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच दारोगा सतीश कुमार कर रहे थे। टावर डंप, सीआईडी विश्लेषण और मानवीय इनपुट के आधार पर गुमशुदा अमित कुमार के बारे में पुलिस को कुछ पता नहीं चला। इसी बीच दो दिन पूर्व 31 मई को बैरिया थाना क्षेत्र के चंद्रावत नदी के किनारे से उसका कंकाल बराबर हुआ। परिजनों ने कमर में लगे बेल्ट एवं पैंट से शव की पहचान अमित कुमार के रूप में किया। कंकाल बरामद होने के बाद अमित के परिजनों ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष अभिराम सिंह व कांड के अनुसंधानकर्ता सतीश कुमार पर लापरवाही बरतने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में एसपी ने दोनों पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की है।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे सदैव समाज के पथ प्रदर्शक बने रहते हैं: अफाक अहमद

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी. बी. राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगरा में विद्यालय के सेवानिवृत्त हो रहे प्राचार्य मो. शबीब अंसारी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में शिक्षकों, विद्यार्थियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि व शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद अफाक अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे जीवनपर्यंत समाज का मार्गदर्शन करते हैं। मो. शबीब अंसारी न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक रहे, बल्कि एक कुशल प्रशासक के रूप में उन्होंने विद्यालय को नई दिशा दी। विशिष्ट अतिथि सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि अंसारी साहब छात्रों के प्रति अत्यंत स्नेही व समर्पित रहे हैं। वहीं मढ़ौरा विधायक जितेन्द्र कुमार राय ने उन्हें ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए उनके कार्यकाल में विद्यालय में आई अनुशासन और गुणवत्ता की सराहना की।

# नरकटियागंज में 31 व मझौलिया में 92 एएनएम ने दिया योगदान

**नरकटियागंज/ मझौलिया/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयनित 92 एएनएम ने सीएचसी मझौलिया में अपना योगदान दिया।उक्त जानकारी प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनुपम प्रसाद ने दी उन्होंने बताया कि नवपदस्थापित एएनएम ने अपना योगदान किया। योगदान लेने वाले एएनएम विभिन्न जिले से आये है अधिकतर बेगूसराय जिले के है । जिन्हें एचएससी व एपीएचसी केंद्र पर पदस्थापित किए गए हैं।

**AFFIDAVIT**

I, Lalu Ray S/o Lal Mohan Ray, R/o vill-Kasichak, Dalichak, Patna, 801503 do solemnly affirm and declare that I have changed my name and hereafter I shall be known as Sumer Kumar, Affidavit no. 4706 dated 30.05.2025.

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/05 दिनांक- 02.06.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2025 (त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के स्नातक अभियंत्रण, स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु)**

**Bihar Combined Entrance Competitive Examination [Lateral Entry]-2025 (for lateral entry in second year of graduate level Engineering courses and Para-Medical, Pharmacy Courses) BCECE [LE]-2025**

**परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी..ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/04 दिनांक-01.06.2025 के क्रम में सर्व साधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] [BCECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / केन्द्राधीक्षकों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से पटना जोन के पूर्व निर्धारित 2 (दो) परीक्षा केन्द्रों को परिवतित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है;

| परीक्षा केन्द्र कोड | एडमिट कार्ड पर अंकित पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र | परीक्षा केन्द्र कोड | नया परीक्षा केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 102 | B.S. College Opp. Danapur Block, Danapur, Patna | 102 | Bapu Pariksha Parisar (Block-A) 2nd Floor, Kumhrar, Patna |
| 103 | Sir Ganesh Dutt Memorial College, West New Bailey Road Near RPS More, Patna. | 103 | Mahanth Hanuman Saran SR Secondary School, Rajapur, Mainpura, Patna |

2. BCECE(LE)-2025 की पूर्व निर्धारित परीक्षा की तिथि दिनांक 08.06.2025 के लिए निर्गत Admit Card रद्द किया जाता है। पुनर्निर्धारित तिथि **दिनांक 09.06.2025 के लिए Revised Admit Card दिनांक 04.06.2025 से निर्गत किया जायेगा, जिसे अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त करेंगे और निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होंगे;**

(i) Uploading of Fresh Online Admit Card : **04.06.2025**

(ii) Re-Scheduled Date of BCECE[LE] Exam. : **09.06.2025**

परीक्षा नियंत्रक

# सीवान में शुरू हुआ कालाजार उन्मूलन अभियान

## घर-घर रोगी खोज में जुटीं आशा कार्यकर्ता, प्रचार वाहन को सिविल सर्जन ने दिखाई हरी झंडी



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में कालाजार उन्मूलन लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सोमवार को सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर विशेष कालाजार रोगी खोज अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डॉ. प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत एक जून से 15 जून तक जिले के कालाजार प्रभावित राजस्व गांवों में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। जिन लोगों में कालाजार के लक्षण जैसे लंबे समय से बुखार, भूख की कमी, तिल्ली का बड़ा होना आदि मिलते हैं, उन्हें जांच के लिए संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल रेफर किया जाएगा। सिविल सर्जन ने यह भी बताया कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आशा कार्यकताओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। अभियान के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए आशा फेसिलेटर और प्रखंड स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ. ओपी लाल ने बताया कि दरौली और हसनपुरा को छोड़कर जिले के सभी प्रखंडों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों को 15 दिनों से अधिक समय से बुखार है और मलेरिया अथवा एंटीबायोटिक दवाओं से भी आराम नहीं मिला है, उन्हें RK-39 किट से जांच के लिए रेफर किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पूर्व में कालाजार से पीड़ित रहा है और अब दोबारा लक्षण दिख रहे हैं, तो उसकी जांच बोन मैरो या स्प्लीन स्प्रिशन टेस्ट द्वारा ही कराई जाएगी, न कि RK-39 किट से। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार (डीवीबीडीसी) नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 2022 से 2025 के अप्रैल तक रिपोर्ट किए गए कालाजार मरीजों के घरों के चारों ओर 50-50 घरों (अधिकतम 250 घर) में भी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिन लोगों के शरीर पर दाग या चकते हों, लेकिन बुखार नहीं है, और वे पहले कालाजार से ग्रसित रहे हों, उन्हें भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जांच के लिए भेजा जाएगा। घर-घर चल रहे इस खोज अभियान की निगरानी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम, वीबीडीएस, बीएचआई, बीएचडब्ल्यू और पिरामल स्वास्थ्य के पीओसीडी द्वारा की जा रही है। इस दौरान वीडीसीओ विकास कुमार, कुंदन कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो अन्य की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवा गांव निवासी रामाशीष राम के छोटे पुत्र 18 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में की गई। जबकि घायलों में 19 वर्षीय अजय राजवंशी एवं 18 वर्षीय राणा कुमार शामिल है। घटना रविवार देर रात्रि की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने देवकुंड जा रहे थे। देवकुंड पहुंचने से पहले जखौरा देवकुंड रोड में दुर्घटना के शिकार हो गए। रास्ते से गुजर रहे पिकअप चालक की नजर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े युवकों पर पड़ी तो उसने इंसानियत दिखाते हुए तीनों घायल युवकों को इलाज के लिए देवकुंड के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। तीनों को मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया जी ले जाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में ही मुकेश की मौत हो गई। मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती अजय और राणा का इलाज जारी है। घटना के बाद परिजन शव को लेकर हसपुरा थाना पहुंचे जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## दुर्घटना में मजदूर जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** नबीनगर प्रखंड के लहंग कर्मा गांव निवासी राजाराम पासवान के पुत्र गुड्डू पासवान मजदूरी करने जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। हालांकि गुड्डू मजदूरी करने कहां गया था और दुर्घटना में कहां घायल हुआ इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह खाना खाकर गुड्डू अपने घर से बाइक पर सवार होकर कहीं मजदूरी करने गया था। दोपहर में कुछ लोगों द्वारा सूचना मिली कि गुड्डू दुर्घटना में घायल हो गया है और वह सदर अस्पताल में भर्ती है।

## डीआरडीए निदेशक ने सुनी ग्रामीणों की पीड़ा

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** इंदिरा आवास योजना में अनियमितता की शिकायतों को लेकर सोमवार को एकौना पंचायत के पाण्डेय बीघा टोले में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के निदेशक अनूप कुमार ने लाभुकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई लाभार्थियों ने पंचायत आवास सहायक रवीश कुमार पर मनमानी और कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगाए। लाभुक सुरेश यादव, पूजा देवी, शशि यादव, प्रमोद यादव एवं रामजी सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि तो मिली, लेकिन उसके एवज में कमीशन भी लिया गया। तीसरी किस्त के लिए कई बार आवेदन करने के बावजूद आज तक राशि उपलब्ध नहीं कराई गई। डीआरडीए निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि हमने सभी लाभुकों की बातें सुनी हैं और उनके आवास की भौतिक जांच भी की गई है। जिन लोगों ने योजना में लापरवाही बरती है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इस साल औरंगाबाद में लगेंगे साढ़े सात लाख वृक्ष : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** वृक्षारोपण अभियान 2025 की सफलता के लिए सोमवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। इसी दिन वृक्षारोपण अभियान-2025 का शुभारंभ किया जाना है जो कि जिला एवं राज्य स्तर पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस अभियान में सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, जीविका समूहों, अर्द्धसैनिक बलों, गैर-सरकारी संगठनों, किसानों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु औरंगाबाद जिले को 747,790 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विभाजित कर क्रियान्वित किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से मनरेगा, कृषि वानिकी योजना, जीविका परियोजना, शैक्षणिक संस्थानों, राजस्व व अन्य विभागीय भूमि एवं सामुदायिक स्थलों को चिन्हित कर वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर लें तथा यह सुनिश्चित करें कि किस स्थल पर किस प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। इस संबंध में तैयार की गई सूची 10 जून 2025 तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि पौध आपूर्ति एवं टैगिंग की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विभागीय पौधशालाओं के साथ-साथ जीविका दीदी पौधशालाएं एवं किसान पौधशालाएं सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

# ट्रैक पार करने के दौरान महिला आयी ट्रेन की चपेट में, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय- गया रेल खंड के रफीगंज इस्माइलपुर स्टेशनों के बीच लिमिट डाउन मेन लाइन पोल संख्या 506/28 - 30 पर 50 वर्षीया महिला की मृत्यु ट्रेन की चपेट में आने से हो गयी। इस संबंध में रफीगंज रेलवे आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि रफीगंज डाउन मेन लाइन पर दुर्घटना में एक व्यक्ति के चोटिल होने की खबर प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट रफीगंज के अधिकारी एवं जवान उक्त घटनस्थाल पर पहुंचे तो देखे कि रफीगंज एवं इस्माइलपुर के मध्य रफीगंज स्टेशन लिमिट किलोमीटर संख्या 506/30- 28 पर एक अज्ञात महिला, जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष के करीब है, गाड़ी संख्या 15354 की चपेट मे आकर शव क्षत विक्षत अवस्था मे डाउन मेन लाइन के बाहर उत्तर तरफ पड़ी हुई थीं। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई थी। मृतका की पहचान आसमा खातून, उम्र 50 वर्ष, पति- मोहम्मद इस्लाम, सा0- महुली, थाना- गुरारू, जिला- गया के रूप मे की गई। जानकारी प्राप्त हुआ कि उक्त मृत महिला सड़क मार्ग से अपनी पुत्री के घर पोखराहा, थाना कासमा, जिला औरंगाबाद (बिहार) से अपने घर महुली आ रही थी। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान गाड़ी की चपेट मे आने के कारण घटना घटी। मृतका के पास से राजकीय रेल थाना सोन नगर के पुलिस पदाधिकारी द्वारा चेक करने पर किसी प्रकार का कोई लेख, रेल टिकट या यात्रा का कोई वैध अधिकार पत्र बरामद नहीं हुआ है।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर में रोगी कल्याण समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रमन सिन्हा ने की, जबकि संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम कुमार ने किया। बैठक में अस्पताल के रख-रखाव और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूर्व में पारित प्रस्तावों की संपुष्टि की गई। इसके साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओटी लैब में एयर कंडीशनर लगाने, दवा रखने हेतु विशेष रेखांकन करने और काउंटर के बाहर यात्री शेड निर्माण पर विचार किया गया।

# इस बार सिंबल पर लडूंगा चुनाव : प्रमोद सिंह

## एनडीए के संभावित प्रत्याशी ने भरी चुनावी हुंकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। रफीगंज में आयोजित एक समीक्षा बैठक में राजनीतिक समीकरणों की स्पष्ट झलक देखने को मिली। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने की, जबकि संचालन का दायित्व विनय सिंह ने निभाया। इस अवसर पर लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कई अहम बातें कहीं। प्रमोद सिंह ने भावुक स्वर में कहा कि, ''आप सभी के प्यार और आशीर्वाद से मैंने 2020 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जिसमें मुझे 55,000 वोट प्राप्त हुए थे। यह नतीजा बिहार विधानसभा के मानचित्र पर हमारी उपस्थिति को दर्शाता है। अब आपके आशीर्वाद से मुझे एनडीए से टिकट मिलने की पूरी संभावना है और मैं इस बार किसी सिंबल के साथ चुनाव लडूंगा, निर्दलीय नहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने वर्तमान और पूर्व विधायकों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक जातीय संघर्ष को हवा दे रहे हैं और पहले से लगे चापाकलों पर अपना नेम प्लेट लगाकर पैसे की उगाही कर रहे हैं। वहीं पूर्व विधायक पर आरोप लगाया कि उन्होंने कार्यकाल के दौरान केवल अपने नजदीकी लोगों को लाभ पहुंचाया। प्रमोद सिंह ने अपने कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि वे पिछले 14 वर्षों से रफीगंज की सेवा में लगे हैं और अपने निजी फंड से कई विकासात्मक कार्य करवा चुके हैं। उन्होंने वादा किया कि विधायक बनने के बाद रफीगंज के समग्र विकास के लिए और भी व्यापक स्तर पर काम किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही, जिन्होंने ''अबकी बार प्रमोद सिंह'' के नारों से माहौल को जोशीला बना दिया।

# स्वास्थ्य विभाग चौपट : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कुढ़नी प्रखंड की रहने वाली 11 वर्षीया छात्रा के साथ हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए उसके सामूहिक बालात्कार किया गया तथा अधमरा कर फेंक दिया गया। किसी तरह से उसके परिजन उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले गए, जहां चिकित्सकों द्वारा मरीज को पीएमसीएच पटना रेफर कर कर दिया गया। पीएमसीएच में व्याप्त कुव्यवस्था की शिकार ये बच्ची भी हुई और इलाज के अभाव में पीएमसीएच परिसर में ही इसने दम तोड़ दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि अगर बच्ची का समय से इलाज हुआ होता तो उसकी जान बचायी जा सकती थी इसलिए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को अविलंब मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार का स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गया है और इसके लिए सीधे सीधे स्वास्थ्य मंत्री ही जिम्मेवार है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए जो भी इसमें दोषी पाए जाते हैं उनके ऊपर कठोर से कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# लावण्या प्रकाश को आईआईटी एडवांस में मिली शानदार सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**■ पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात शिक्षाविद स्मृतिशेष लाला शंभूनाथ तथा स्मृतिशेष अरूण लता सिन्हा की नतिनी है लावण्या प्रकाश**

**गढ़वा/ औरंगाबाद।** झारखंड के गढ़वा जिले में कार्यरत प्रकाश कुमार सिन्हा एवं आरती सिन्हा की सुपुत्री लावण्या प्रकाश ने आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित जेईई एडवांस 2025 में शानदार सफलता प्राप्त कर परिवार तथा जिले का नाम रोशन किया है। विदित हो कि लावण्या प्रकाश ने जेईई मेंस में भी 99.73504 परसेंटाइल प्राप्त किया था तथा झारखंड में लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त किया था और राज्य के टॉप 10 बच्चों में भी उसने अपनी जगह बनाई थी। लावण्या प्रकाश की माता आरती सिन्हा ने कहा कि लावण्या प्रकाश शुरू से ही गढ़वा के बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल की अत्यंत मेधावी छात्रा रही है एवं प्रेप से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई वहीं से की है तथा हर वर्ष अपने वर्ग में वह सदैव सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करती रही है जिसके कारण उसे विद्यालय से भी कई बार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लावण्या प्रकाश ने वर्ष 2023 में जिले में सर्वोत्तम स्थान सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में प्राप्त किया था। लावण्या की इस सफलता को हासिल करने में और लावण्या को एकाग्र बनाने में एवं मेधावी बनाने में उसकी माता आरती सिन्हा शुरू से ही लगी हुई थी। लावण्या की इस सफलता से गढ़वा के और रांची के सभी शुभचिंतकों ने काफी प्रसन्नता प्रकट की है और बधाईयों का तांता लगा हुआ है। लावण्या पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात शिक्षाविद स्मृतिशेष लाला शंभूनाथ तथा स्मृतिशेष अरूण लता सिन्हा की नतिनी है।

## लाखों रूपये के बिजली तार की चोरी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अज्ञात चोरों ने फेसर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से विद्युत तार काट लिया और मौके से फरार हो गए। विद्युत तार की चोरी से एक निजी कंपनी को लाखों रुपयों का नुकसान होने की बात कही जा रही है। लाखों के तार चोरी हो जाने की जानकारी मीडिया में आ जाने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। विद्युत विभाग के आला अधिकारी अब इस पूरे मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे हैं। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि क्षेत्र के डबूरा एवं अमरपुरा 11 केवी का तार काटा मिला। लगभग तीन किलोमीटर लंबा विद्युत तार की चोरी हुई है। यह लाइन केवल कृषि से जुड़ा हैं।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। विद्युत करंट की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना औरंगाबाद शहर के जसोइया मोड़ के समीप तालाब की है। मृतक की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के बेली गांव निवासी रामेश्वर साव के पुत्र सुरेंद्र साव के रूप में हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र साव जसोइया मोड़ स्थित आरओ प्लांट में काम करता था जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण होता था। सोमवार की दोपहर वह जसोईया मोड़ स्थित तालाब पर काम कर रहा था। पास में ही लोहे की खंभे में विद्युत करंट प्रवाहित हो रही थी। जिसे वह देख नही सके और अचानक लोहे की पोल के सम्पर्क में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय लोगों ने उसे जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। पता चला कि मृतक सुरेंद्र की एक मासूम बेटी भी है।

# विधवा की हत्या मामले में मां-बेटे को सश्रम उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की हत्या के मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सात) निशित दयाल की अदालत ने सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मां-बेटे को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि दोनों ने समाज और मानवता को झकझोरने वाला अपराध किया है। गोह थाना कांड संख्या 178/22 एवं सत्रवाद संख्या 454/22 में सुनवाई पूरी होने के बाद 24 मई को अभियुक्त कौशल कुमार और उसकी मां चंद्रमणी देवी को दोषी करार दिया गया था। सजा के बिंदु पर सोमवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों को भादंवि की धारा 302 के तहत सश्रम उम्रकैद तथा 50 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास दिया। वहीं धारा 201 के तहत सश्रम पांच वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर छह महीने अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# दुष्कर्म मामले में आरोपित को 20 साल का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्पेशल पोक्सो कोर्ट, औरंगाबाद ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त योगेन्द्र पासवान को विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने नबीनगर थाना कांड संख्या 47/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए यह निर्णय सुनाया। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4(2) के तहत 20 साल की सजा और 30 हजार रुपये जुर्माना, धारा 363 में 5 साल की सजा और 20 हजार जुर्माना, धारा 342 और 323 में 1-1 साल की सजा तथा जुर्माना से दंडित किया गया है। अभियुक्त को 29 मई को दोषी करार दिया गया था। पीड़िता स्कूल के वार्षिक समारोह में भाग लेने गई थी, जहां से लौटते वक्त रास्ते में बाइक सवार ने जबरन उठाकर हरिहरगंज ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 9 गवाह प्रस्तुत किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी 10 मई 2024 को हुई थी और मात्र आठ महीनों में मुकदमे की सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया गया।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलशयात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड मुख्यालय में आयोजित होने वाले सात दिवसीय मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप से निकली शोभायात्रा के आगे-आगे बैंड बाजा, घोड़े के साथ रथ पर सवार देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गाजे-बाजे के साथ कलश शोभायात्रा में पारंपरिक वस्त्र पहनकर महिला, पुरुष, श्रद्धालु व भक्त शामिल हुए। इस दौरान देवी-देवताओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा देव रानी तालाब काली मंदिर यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सूर्य मंदिर होते हुए पवित्र सूर्य कुण्ड तालाब पहुंचा। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कलश स्थापित किया गया। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल रहा।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुजफ्फरपुर के कुढनी में एक नाबालिग दलित बच्ची के साथ बलात्कार एवं उसके बाद चिकित्सकों द्वारा इलाज में देर किए जाने से उसकी असमय मौत के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम महिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के रमेश चौक पर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार की भाजपा-जदयू की सरकार में कानून व्यवस्था बिल्कुल फेल हो चुकी है। पूरे बिहार मे हत्या, बलात्कार और अन्य तरह की घटनाओं में अचानक वृद्धि हो गई है। मुजफ्फरपुर के कुढनी मे दलित बच्ची को हवस का शिकार बना कर उसके साथ हैवानियत की हदें पार कर दी गई। जब इलाज के लिए अस्पताल लाया गया तो घंटों गेट पर इंतजार के बाद अस्पताल मे भर्ती लिया गया। देर से इलाज शुरू होने के कारण बच्ची की मृत्यु हो गई। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव, पर्यवेक्षक पंकज पासवान, अरविंद कुमार सिंह, बुलबुल सिंह, अक्षय लाल पासवान, जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी, संजय राम, नवीन शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सूर्यदेव यादव सहित अन्य मौजूद रहे।